

पवित्र सावन माह में मंदिर में पूजन और निकल रही कावड़ यात्रा

रायसेन से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

।। श्री हरि शरणम् ।।

# अमृत दर्शन

RNI No. MPHIN/2012/43555

वर्ष - 13 अंक - 18

रायसेन

मंगलवार, 15 जुलाई 2025

● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपया

Website : www.amritdarshan.com

रायसेन, नर्मदापुरम एवं भोपाल से प्रकाशित


## 10 साल बाद चांदी की नई पालकी में निकली महाकाल की सवारी

# नगर भ्रमण पर निकले बाबा महाकाल, 2 लाख भक्तों ने किए दर्शन

**उज्जैन ■ एजेंसी**

उज्जैन में भगवान श्री महाकालेश्वर की सवारी निकल रही है। महाकाल अपने मनमहेश स्वरूप में हैं। चांदी की नई पालकी में बाबा की सवारी है। 10 साल बाद सवारी में नई पालकी को शामिल किया गया है।

श्रावण मास की शुरुआत के साथ ही उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर में भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन हेतु पहुंच रहे हैं। 7 से 13 जुलाई 2025 के बीच 11 लाख से अधिक भक्तों ने बाबा महाकाल के दर्शन किए।

इस वर्ष हर सोमवार की सवारी को एक विशेष थीम के साथ निकाली गई। पहली सवारी में भगवान को मनमहेश स्वरूप में सजाया गया था। इस बार सवारी को सांस्कृतिक रूप से और अधिक समृद्ध बनाने के लिए जनजातीय नृत्य दलों को भी सम्मिलित किया गया था। जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी द्वारा चयनित कलाकार घासी जनजाति का घसियाबाजा नृत्य (सीधी), गोंड जनजाति का गुन्नूरसाई नृत्य (सिवनी), कोरकू जनजाति का ढांढल नृत्य (अनूपपुर) और सैरा लोक नृत्य (सागर) प्रस्तुत करेंगे। ये दल भजन मंडलियों के साथ पालकी के आगे चलते हुए प्रस्तुति दी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की भावना के अनुरूप इस प्रथम सवारी का स्वागत भव्य वैदिक मंत्रोच्चार से होगा। पूजन के दौरान उज्जैन के 25 गुरुकुलों के 500 से अधिक वैदिक छात्र और महाकालेश्वर वैदिक प्रशिक्षण संस्थान के बटुक उद्घोष करेंगे। यह आयोजन दत्त अखाड़ा व रामघाट क्षेत्र में सम्पन्न हुआ।



श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर दक्षिणमुखी भगवान श्री महाकालेश्वर नगर भ्रमण पर निकले। भगवान महाकाल इस विशेष अवसर पर मनमहेश स्वरूप में रजत पालकी में विराजित होकर 2 लाख भक्तों को

### 7000 पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण कर किया अभिषेक



**भोपाल।** श्रावण मास के पावन चतुर्थ दिवस प्रथम सोमवार पर भोपाल के सुभाष कॉलोनी स्थित मां भवानीशिव हनुमान मंदिर में प्रतिदिन 7000पार्थिव शिवलिंगों के निर्माण के बाबा विश्वनाथ का निर्माण पूजन एवं अभिषेक किया गया। आयोजन में श्रद्धालुओं ने विशेष श्रद्धा और उत्साह के साथ भाग लिया।

### बोल बम के जयकारों से गूंजा मां नर्मदा का सेठानी घाट

**नर्मदापुरम।** जटाशंकर कावड़ यात्रा समिति द्वारा आज मां नर्मदा के विश्व प्रसिद्ध सेठानी घाट से बाजे की धुन पर नाचते गाते जिसमें सैकड़ो कावड़िया महिला, पुरुष, बच्चे शामिल हुए। जटाशंकर कावड़ यात्रा समिति के मीडिया प्रभारी राजेंद्र मालवीय द्वारा बताया गया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सावन सोमवार के प्रथम सोमवार में मां नर्मदा का जल अपनी कावड़ में भरकर कावड़ यात्रा समिति की अध्यक्ष




सुश्री राजो मालवीय के नेतृत्व में जटाशंकर पचमढ़ी की ओर रवाना हुई। मां नर्मदा का पवित्र जल लिए कांवड़िओ ने जैसे ही प्रस्थान किया तो बोल बम के जयकारों से संपूर्ण वातावरण गुंजायमान हो उठा। नगर के जिन स्थानों से यात्रा गुजर रही थी वहीं श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### यात्रियों को आसानी से मिल सकेगा तत्काल टिकट, आज से आधार OTP होगा जरुरी

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने हाल ही में तत्काल टिकट बुकिंग के नियमों में बदलाव कर दिया है। आज से टिकट बुकिंग करने के लिए आईआरसीटीसी की वेबसाइट या एप पर आधार सत्यापन जरूरी हो जाएगा। रेलवे के इस बदलावों का मकसद टिकट बुकिंग में पारदर्शिता लाना और दलालों या फर्जी एजेंट्स की मनमानी पर रोक लगाना है। दरअसल, रेलवे यह नया नियम तत्काल टिकट बुकिंग के वक्त हो रही धोखाधड़ी को रोकने के लिए लाया गया है। क्योंकि जैसे ही तत्काल टिकट की प्रक्रिया शुरू होती थी, वैसे ही मिनटों में सभी टिकट बुक हो जाते थे। दलाल और फर्जी एजेंट सॉफ्टवेयर या गलत तरीकों से ये सभी टिकट बुक कर लेते थे। इससे यात्रियों को टिकट मिलना मुश्किल हो जाता था। अब इस नियम से टिकट बुकिंग का पहला मौका सिर्फ यात्रियों को मिलेगा। इससे फर्जीवाड़ा भी रुकेगा और लोग आसानी से अपना टिकट बुक कर सकेंगे।



### जबलपुर, रतलाम, इंदौर, रीवा में आयकर की छापेमारी

**भोपाल।** आयकर विभाग ने सोमवार को प्रदेश के जबलपुर, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, रीवा और छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़, चिरमिरी समेत 13 ठिकानों पर छापेमारी की है। आयकर विभाग की एमपी सीजी की टीम ने यह छापेमारी टीडीएस में फर्जी रिटर्न दिलाने वाले और 25 प्रतिशत तक कमीशन लेने वाले चार्टर्ड एकाउंटेंट और इस कारोबार से जुड़े अन्य लोगों के ठिकानों पर की है। छापेमारी में करोड़ों रुपए की टैक्स चोरी का खुलासा होना तय माना जा रहा है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की दुबई के निवेशकों से वन-टू-वन चर्चा

# उद्यमियों ने टेक्सटॉइल के क्षेत्र में मप्र से जुड़ने में रुचि भी जताई

**भोपाल ■ प्रतिनिधि**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि दुबई में टेक्सटॉइल सिटी पहुंच कर प्रवासी भारतीयों के बिजनेस मॉडल का अवलोकन एक महत्वपूर्ण अनुभव रहा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टेक्सटाइल सिटी के प्रमुख व्यवसायियों से चर्चा भी की और उन्हें पीएम मित्र पार्क की जानकारी दी। उद्यमियों ने टेक्सटॉइल के क्षेत्र में मध्यप्रदेश से जुड़ने में रुचि भी जताई है।

सीएम ने कहा कि यहां एक बहुत अच्छा प्रयोग हुआ है। यहां के व्यापारियों ने दुबई सरकार से जमीन लेकर तथा समिति बनाकर अपना एक मार्केट बनाया है। इस मार्केट की विशेषता है कि यहां तीन फ्लोर तक कार्य किया जाता है। आगे शो रूम भी है। रिटेल शॉप के साथ पीछे गोडाउन है। यह बहुत आदर्श व्यवस्था है। सीएम ने कहा कि हमारा प्रयास है कि यहां के अधिकांश उद्यमी मध्यप्रदेश आएं। टेक्सटॉइल के क्षेत्र में मध्यप्रदेश बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। विश्व में सबसे शुद्ध कॉटन मध्यप्रदेश में मिलता है। हम टेक्सटाइल के क्षेत्र में निवेशकों को आमंत्रित करते हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्यमियों से अपेक्षा की है कि आप भी यह संकल्प लें कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़े और उनके साथ मध्यप्रदेश कदम से कदम मिलाकर चले और इसमें आपका पूरा सहयोग हो। दुबई के उद्यमियों को देश के सात राज्यों में पीएम मित्र पार्क (पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र) के विकास और मध्यप्रदेश में धार जिले में प्रारंभ प्रकल्प की जानकारी भी दी गई।



#### मप्र में निवेश को लेकर दुबई के निवेशक उत्साहित

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दुबई निवेश यात्रा के दौरान सोमवार को अंतरराष्ट्रीय स्तर के निवेशकों और औद्योगिक समूहों से वन-टू-वन चर्चा हुई, जिसमें मध्यप्रदेश में बहु-क्षेत्रीय निवेश की संभावनाओं पर व्यापक और सकारात्मक संवाद हुआ। सीएम ने गल्फ इस्लामिक इन्वेस्टमेंट्स के सह-संस्थापक एवं सह-सीईओ श्री पंकज गुप्ता से मुलाकात कर स्वास्थ्य सेवा, लॉजिस्टिक्स पार्क, औद्योगिक रियल एस्टेट, शिक्षा, खाद्य प्रसंस्करण एवं निर्माण क्षेत्र में संभावित निवेश पर चर्चा की। जीआईआई एक शरिया-संगत वैकल्पिक निवेश फर्म है जो वैश्विक स्तर पर विविध क्षेत्रों में निवेश करती है और अब मध्यप्रदेश में निवेश को लेकर गंभीरता से विचार कर रही है।

#### मप्र की छवि ब्रांड इंडिया के अंतर्गत वैश्विक स्तर पर स्थापित करें : सीएम

दुबई प्रवास का दूसरा दिन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के तीन दिवसीय दुबई दौरे के दूसरे दिन की शुरुआत भारतीय कॉउन्सल जनरल श्री सतीश कुमार सिवन द्वारा आयोजित ब्रेकफास्ट ब्रीफिंग से हुई। बैठक में भारतीय दूतावास स्तर पर एक स्थाई संपर्क तंत्र विकासित किये जाने पर सहमति बनी जिससे मध्यप्रदेश और यूएई के बीच संस्थागत संवाद के निरंतरता बने रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की छवि ब्रांड इंडिया के अंतर्गत वैश्विक स्तर पर सशक्त रूप से प्रस्तुत करने में भारतीय मिशन की निर्णायक भूमिका हो सकती है।

### मोटापे के खिलाफ केंद्र सरकार का अभियान

# समोसे-कचौड़ी में कितना तेल चीनी? दफ्तरों में लगेगा बोर्ड

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

भारत में तेजी से बढ़ते मोटापे और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से निपटने के लिए केंद्र सरकार ने एक नई पहल की है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी मंत्रालयों, विभागों और स्वायत्त संस्थानों को निर्देश दिया है कि वे समोसा, कचौड़ी, फ्रेंच फ्राइज, वड़ा पाव जैसे भारतीय नाश्तों में कितनी तेल और चीनी होती है, यह ऑयल और शुगर बोर्ड के जरिए साफ-साफ दिखाएं।

#### क्या है ऑयल और शुगर बोर्ड योजना?

स्वास्थ्य मंत्रालय चाहता है कि दफ्तरों, स्कूलों और सार्वजनिक संस्थानों में खाने की वस्तुओं में छुपे हुए तेल और चीनीकी मात्रा की जानकारी दी जाए। इसके लिए एक बोर्ड या डिजिटल पोस्टर लगाया जाए जो लोगों को यह जानकारी दे और उन्हें स्वस्थ विकल्प चुनने के लिए प्रेरित करे।

**स्वास्थ्य संदेशों को स्टेशनरी में शामिल करना**-दफ्तरों में हेल्दी फूड उपलब्ध कराना - इसमें कम वसा वाला खाना, फल और सब्जियां ज्यादा, मीठे पेय और हाई फैट स्नैक्स की उपलब्धता सीमित करना शामिल है।

**शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देना** - इसमें सीढ़ियों के उपयोग को बढ़ाना, छोटे-छोटे एक्सरसाइज ब्रेक लेना और दफ्तर में वॉकिंग रूट बनाना शामिल है।




#### कहां लगेगा यह हेल्थ बोर्ड?

स्वास्थ्य मंत्रालय के निर्देश के अनुसार, ये बोर्ड कैफेटेरिया, लॉबी, मीटिंग रूम और अन्य सार्वजनिक स्थान लगाए जाएं। इसका मकसद यह है कि कर्मचारी और आम नागरिक रोजमर्रा की आदतों को सुधारें और हेल्दी खाना अपनाएं।

#### मोटापा और बीमारियां- एक बड़ी चिंता

बता दें कि स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलीला श्रीवास्तव ने 21 जून को एक पत्र लिखकर चिंता जताई कि भारत में मोटापा तेजी से बढ़ रहा है। एनएफएचएस-5 (2019-21)के अनुसार, शहरी इलाकों में हर पांच में से एक वयस्क मोटापे से ग्रसित है। वहीं बच्चों में भी मोटापा बढ़ रहा है, जिसकी बड़ी वजह है गलत खानपान और कम शारीरिक गतिविधि। जबकि लैंसेट के 2025 के अध्ययन के अनुसार, भारत में मोटे वयस्कों की संख्या 2021 में 18 करोड़ थी, जो 2050 तक बढ़कर 44.9 करोड़ हो सकती है। अगर इसे नहीं रोका गया तो भारत विश्व में मोटापे का दूसरा सबसे बड़ा बोझ उठाने वाला देश बन जाएगा।

## अंतर्मना उवाच



***मजाक और पैसा - सोच समझ कर उड़ाना चाहिए, और..धर्म-ध्यान और भक्ति को साहस के साथ करना चाहिए..!***

*धर्म-ध्यान और भक्ति के मार्ग में साहस की आवश्यकता है, क्योंकि **भक्ति, धर्म-ध्यान**- कमजोर, बुजदिल और डरपोक लोग नहीं कर सकते।*

- ***भक्ति का अर्थ है** - अपने आपको मिटाना।*
- ***धर्म का अर्थ है** - मन की सरलता, चित्त की निर्मलता और हृदय की पवित्रता।*
- ***ध्यान का अर्थ है** - स्वयं में स्वयं को देखना।*

** ध्यान का अर्थ है - साहस, समर्पण और संकल्प। **भक्ति** समर्पण मांगती है। **ध्यान** - मैं को मिटाता है।*

** **धर्म** - निश्छलता प्रदान करता है और जीवन के सभी दोषों को दूर करता है। **धर्म** - दोषों को दूर करने में संघर्ष करना सिखाता है।*

** **धर्म ध्यान** - जीवन की बुराईयों से मुक्त करके शुद्ध करता है। क्योंकि जीवन में सम्पूर्ण बुराईयों की जड़ है तो वह जड़ है अहंकार।*

***क्योंकि यदि कभी आपने क्रोध भी किया तो वह अहंकार के कारण से किया...!!!***

■ अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज

# भाजपा ही है मेरा परिवार, हम सब मिलकर संगठन को मजबूत करें : हेमंत खण्डेलवाल

### लाखों-करोड़ों कार्यकर्ताओं की मेहनत से संगठन बना, इसे और मजबूत बनाएं

**भोपाल ■ प्रतिनिधि**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक श्री हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह एवं प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद जी ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में कामकाजी बैठक को संबोधित किया। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि मेरे परिवार से मैं अकेला व्यक्ति राजनीति में हूं। भाजपा परिवार ही मेरा परिवार हैं, हम सब मिलकर संगठन को मजबूत करें। मैं भी आपकी तरह सामान्य कार्यकर्ता हूं, अध्यक्ष पद के दायित्व का निर्वहन कर रहा हूं। पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश का संगठन देश में एक आदर्श संगठन है। लाखों-करोड़ों कार्यकर्ताओं की मेहनत से यह संगठन बना है। हम सभी को मिलकर इस संगठन को और मजबूत बनाना है। प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद जी ने कहा कि प्रदेश में जिन बूथों पर हम कमजोर रहे हैं, उसे मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ना होगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक श्री हेमंत खण्डेलवाल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब एक विचार के लिए कार्य करते हैं। हमारे लिए संगठन सर्वोपरि है।



### अशीम घोष हरियाणा तो अशोक गजपति गोवा के राज्यपाल बने कविंदर गुप्ता होंगे लद्दाख के एलजी



**नई दिल्ली।** पूर्व नागरिक उड्डयन मंत्री पुसापति अशोक गजपति राजू को सोमवार को गोवा का राज्यपाल और जम्मू-कश्मीर के पूर्व उपमुख्यमंत्री कविंदर गुप्ता को लद्दाख का नया उपराज्यपाल नियुक्त किया गया। इसके अलावा प्रोफेसर अशीम कुमार घोष हरियाणा के नए राज्यपाल होंगे। नियुक्तियां उनके संबंधित पदों का कार्यभार संभालने की तिथि से प्रभावी होंगी। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के उपराज्यपाल पद से ब्रिगेडियर बीडी मिश्रा (सेवानिवृत्त) का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है।

# नर्मदा को निर्मल बनाने 2459 करोड़ खर्च करेगी सरकार: विजयवर्गीय

**भोपाल ■ प्रतिनिधि**



प्रदेश में नर्मदा नदी को निर्मल बनाए रखने के लिए राज्य सरकार 2459 करोड़ रुपए खर्च करेगी। इस योजना में केंद्र सरकार से भी मदद ली जाएगी। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि नर्मदा को निर्मल बनाने के लिए अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के अधिकारी पहले योजना का भौतिक सर्वेक्षण (फिजिकल सर्वे) कर लें।

उन्होंने निर्देश दिए कि औद्योगिक क्षेत्रों से निकलने वाले दूषित जल को नर्मदा में मिलने से रोकने और पानी के ट्रीटमेंट के उपायों को भी इस परियोजना में शामिल किया जाए। नर्मदा नदी के आसपास कई धार्मिक स्थल स्थित हैं, इसलिए इन क्षेत्रों में भी दूषित जल के उपचार के लिए प्लांट की स्थापना की जाए और इन्हें पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना भी तैयार की जाए। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा, नर्मदा नदी मध्यप्रदेश की जीवनरेखा है और नर्मदा मां को निर्मल बनाए रखने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।


### समिति प्रणाली की समीक्षा के लिये गठित पीठासीन अधिकारियों की समिति की हुई बैठक

# समितियों की भूमिका का विस्तार, उनकी दक्षता एवं उपयोगिता बढ़ाने पर विचार आवश्यक : तोमर

***भोपाल ■ प्रतिनिधि***

*समिति प्रणाली की समीक्षा के लिये गठित पीठासीन अधिकारियों की समिति की पहली बैठक समिति के अध्यक्ष विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर की अध्यक्षता में सोमवार को मध्यप्रदेश विधानसभा में आहूत की गई। बैठक में यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, हिमाचल विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, सिक्किम विधानसभा अध्यक्ष मिंगमा नोरबू शेरपा, ओडिशा विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती सुरमा पाढ़ी एवं प. बंगाल विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी शामिल हुए। बैठक में सभी संबंधित राज्यों की विधानसभा के प्रमुख सचिव एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक में विधानसभा की समिति के सुदृढ़ीकरण एवं जनकल्याण में उनकी भूमिका को बढ़ाने पर विचार किया गया। तोमर ने कहा कि समिति प्रणाली की समीक्षा के लिये गठित पीठासीन अधिकारियों की समिति की यह प्रथम बैठक है। हम सभी जानते हैं कि हमारे देश की लोकतांत्रिक प्रणाली में संसद एवं विधानसभाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।*

*संसद या विधानसभा के सत्रों में जितनी सूक्ष्म निगरानी की आवश्यकता होती है, वह सत्र में संभव नहीं हो पाती है। इसलिए समितियों के गठन की प्रणाली को प्रारंभ किया गया है। लोकसभा में भी विभिन्न समितियां गठित होती हैं, जिनमें बजट पर भी विचार-विमर्श होता है। लोकसभा में समितियां बजट का अध्ययन करके उस पर सुझाव देती हैं। विधानसभा ने कहा कि ठीक इसी प्रकार से विधानसभाओं में भी समितियों की प्रणाली है और वे ठीक प्रकार से कार्य भी कर रही हैं। मप्र में 4 वित्तीय समितियां हैं, जिनका निर्वाचन होता है। इसके अलावा अनुसूचित जाति एवं जनजाति और पिछड़ा वर्ग के लिए भी दो समितियां हैं, जिनका निर्वाचन संपन्न होता है।*




### नकली और घटिया उर्वरकों की बिक्री पर हो कार्रवाई, दोषियों का रद्द करें लाइसेंस: चौहान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से नकली एवं घटिया उर्वरकों की बिक्री के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्रियों को लिखे पत्र में चौहान ने कहा, राज्य उर्वरक उत्पादन और बिक्री की नियमित निगरानी करने के साथ नमूने लेकर परीक्षण करें। पारंपरिक उर्वरकों के साथ नैनो-उर्वरकों पर जबरन टैगिंग तुरंत बंद करने पर ध्यान दें। कृषि मंत्री ने कहा, दोषियों के खिलाफ लाइसेंस रद्द करने और एफआईआर दर्ज करने सहित सख्त कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। दोषसिद्धि सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी अभियोजन सुनिश्चित किया जाना चाहिए।



संक्षिप्त समाचार

## स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की हुई जांच

**खण्डवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता के मार्गदर्शन में जनसमुदाय को उनके निवास के निकट ही स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराने के लिए सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर-शहरी व ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक एवं उपस्वास्थ्य केंद्रों में 14 जुलाई सोमवार को आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित किए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.ओ.पी.जुगतावत ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सा अधिकारी व सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा मरीजों की उच्चरक्त चाप की जांच, ब्लड शुगर की जांच, गर्भवती महिलाओ, शिशुओं, किशोरियों एवं वृद्धजनों की जांच, दस्त रोग, निमोनिया, क्षय व अन्य रोग की जांच तथा अन्य पैथोलॉजिकल जांचे व उपचार कर दवाईयां उपलब्ध कराई गई। साथ ही इन शिविरों में परिवार कल्याण से संबंधित सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई।

## इंदौर के कार्टूनिस्ट को सुप्रीम कोर्ट से भी राहत नहीं

**इंदौर।** पीएम नरेंद्र मोदी और आरएसएस पर कार्टून बनाने वाले इंदौर के कार्टूनिस्ट हेमंत मालवीय को सुप्रीम कोर्ट से भी राहत नहीं मिली। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की युगल पीठ ने सोमवार को इस मामले में सुनवाई की। कोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका पर तत्काल राहत देने से मना कर दिया, लेकिन उन्हें माफी मांगने के लिए मंगलवार तक का समय दिया है। इंदौर हाईकोर्ट द्वारा हेमंत मालवीय की अग्रिम जमानत खारिज करने के बाद मालवीय इस मामले में सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। न्यायमूर्ति धूलिया ने कहा, उनमें अभी भी कोई परिपक्वता नहीं है। यह वास्तव में भड़काऊ है। सुप्रीम कोर्ट ने अपरिपक्व कार्टून के लिए हेमंत मालवीय की आलोचना की।

## जबलपुर में मस्जिद बनाने पर हिंदू संगठनों का प्रदर्शन

**जबलपुर।** जबलपुर के मड़ई इलाके में मस्जिद बनाने को लेकर एक बार फिर विवाद गहरा गया। हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन किया। आरोप है कि गायत्री मंदिर की जमीन पर अवैध रूप से मस्जिद का निर्माण किया गया है। हाल ही प्रशासन ने मस्जिद कमेटी को क्लीनचिट दे दी। इसे लेकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल कार्यकर्ता भड़क गए। नाराज कार्यकर्ताओं ने प्रशासन के विरोध में कलेक्टर का अर्थी जुलूस निकाला। क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है। विहिप और बजरंग दल ने प्रशासन से फैसले की पुन- समीक्षा करने की मांग की है।

## मंत्री पटेल 16 जुलाई को धार प्रवास पर आएंगे

**धार।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं श्रम विभाग मध्य प्रदेश शासन मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल 16 जुलाई को धार के प्रवास पर आ रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंत्री श्री पटेल 16 जुलाई को प्रात: 10-30 बजे इंदौर से कार द्वारा प्रस्थान कर 11-30 बजे धार आएंगे। वे यहां शासकीय महाविद्यालय के ऑडिटोरियम हाल में जिला पत्रकार संघ के शब्द समागम 2025 कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात दोपहर 12-40 बजे जेएमडी पैलेस के हाल में पंच- सरपंच सम्मेलन में भाग लेंगे।

### ग्वालियर में बच्चे को सोता छोड़ महिला ने लगाई फांसी

# सुसाइड नोट में लिखा- लोकेन्द्र शेखावत मेरी और बेटे की हत्या की धमकी देता है

ग्वालियर ■ निसं

ग्वालियर में एक विवाहिता ने चार साल के बेटे को सोता छोड़कर फांसी लगाकर जान दे दी है। घटना बिरला नगर लाइन नंबर-13 की है, जो सोमवार सुबह की बताई जा रही है। घटना का पता तब चला जब पड़ोसियों ने दरवाजा बंद देखा और मृतका के ससुर को गांव में सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजे की कुंडी तोड़कर अंदर गई, जहां विवाहिता फांसी पर लटकी मिली। पुलिस को मृतका के पास से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें लिखा है- मैं, वर्षा जादौन, जान देने जा रही हूं। मेरी मौत का जिम्मेदार लोकेन्द्र शेखावत है। वह मुझे और मेरे बेटे (चार साल) को मारने की धमकी देता है। पुलिस ने सुसाइड नोट को जब्त कर जांच शुरू कर दी है।



**30 साल की महिला ने दुपट्टे से फांसी लगाकर दी जान:** शहर के हजीरा थाना क्षेत्र स्थित बिरला नगर लाइन नंबर-13 निवासी भागीरथ सिंह राजपूत किसान हैं। 10 दिन पहले वे अपने गांव सबलगढ़ खेती के काम देखने के लिए गए थे। यहां घर पर उनकी 30 वर्षीय बहू बर्षा जादौन, बेटे सिरोमन सिंह और पोता (चार वर्षीय) अभय प्रताप सिंह को छोड़ गए थे।

सोमवार सुबह उन्हें पड़ोसी का फोन आया कि उनके घर के दरवाजे बंद हैं और अंदर से कोई हलचल सुनाई नहीं दे रही है। इस पर उन्होंने अपने दो रिश्तेदारों को वहां भेजा और पुलिस को भी सूचना दी। हजीरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजे की कुंडी तोड़ी, तो अंदर वर्षा जादौन ने दुपट्टे से फांसी लगा रखी थी।

पुलिस ने तुरंत घटनास्थल को निगरानी में लेकर जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

**नोट में लिखा- मेरी मौत का जिम्मेदार लोकेन्द्र शेखावत है:** सुसाइड नोट में लिखा- मैं, वर्षा जादौन जान देने जा रही हूं। मेरी मौत का जिम्मेदार लोकेन्द्र शेखावत है। शादी के एक साल बाद तक मेरे साथ रहा। अब शादी से इनकार कर रहा है और मेरे साथ रहने से इनकार कर रहा है। विरोध करने पर मुझे और मेरे बेटे को जान से मारने की धमकी दे रहा है।

कहता है कि मेरे पिता तो नेता हैं। मंत्री भी उनके पैर छूते हैं। तुम मेरा कुछ बिगाड़ नहीं पाओगी। मैं तुम्हारी पूरी ससुराल को खत्म करवा दूंगा।% पुलिस ने सुसाइड नोट के बारे में परिजन से पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस अब इस मामले में लोकेन्द्र शेखावत से पूछताछ करेगी।

### पड़ोसी है लोकेन्द्र शेखावत

ऐसा पता लगा है कि लोकेन्द्र शेखावत भी मृतका के पड़ोस में ही रहता है। चार साल पहले उसकी शादी हुई है। शादी के बाद कुछ दिन वह उसके संपर्क में रहा, फिर दूरी बनाने लगा। विरोध करने पर धमकाता था।

### पुलिस बोली- मामले की जांच जारी है

हजीरा थाना पुलिस का कहना है कि एक विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी है। एक सुसाइड नोट छोड़ा है, जिसमे पड़ोसी युवक पर धमकाने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है, जो तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर लक्ष्य से अधिक अंशदान देने पर जिले का हुआ सम्मान

### राज्यपाल द्वारा प्रदत्त प्रशस्ति पत्र व ट्रॉफी कलेक्टर को सौंपी गई



ग्वालियर ■ निसं

ग्वालियर जिले ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के लिए लक्ष्य से अधिक अंशदान संग्रहण कर उपलब्ध कराया गया है। इसके लिये राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने ग्वालियर जिले को सम्मानित किया है। राज्यपाल पटेल द्वारा प्रदत्त प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी सोमवार को कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान को सौंपी गई।

कलेक्ट्रेट के सभागार में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सेवानिवृत कर्नल नरेन्द्र सिंह तोमर ने कलेक्टर मती चौहान को प्रशस्ति पत्र व ट्रॉफी सौंपी। ज्ञात हो शहीद सैनिकों की वीर नारियों व आश्रितों एवं दिव्यांग सैनिकों के प्रति एकजुटता और सच्ची सदभावनाएं व्यक्त करने एवं उनके कल्याण के लिये सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के उपलक्ष्य में हर साल धनराशि संग्रहीत की जाती है। पिछले साल सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के लिये ग्वालियर जिले को लगभग 11 लाख 58 हजार रूपए का लक्ष्य मिला था। इस लक्ष्य से ज्यादा जिले में 12 लाख 66 हजार रूपए की राशि संग्रहीत कर उपलब्ध कराई गई। पिछले लगभग 10 सालों में ग्वालियर जिला सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर धनराशि संग्रहीत करने में प्रदेश के अग्रणी जिलों में शामिल रहा है।

### कलेक्टर गुप्ता ने बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

# कार्यालयों व घरों की पक्की छतों पर लगवाए रूफ़ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम

खंडवा ■ निसं

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने कार्यालयों के साथ-साथ अपने घरों की छत पर भी रूफ़ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाएं। उन्होंने उपस्थित जिला अधिकारियों से कहा कि वे अपने अधीनस्थ कार्यालय भवनों के साथ-साथ अधीनस्थ कर्मचारियों के घरों की पक्की छतों पर भी रूफ़ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने की जिम्मेदारी लें। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गोड़ा, सहायक कलेक्टर कृष्णा सुशीर, अपर कलेक्टर अरविंद चौहान व के आर बडोले, संयुक्त कलेक्टर एस आर सोलंकी और मती निकिता मंडलोई सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर गुप्ता ने कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन के सभी जल स्त्रोतों के आसपास सोखता गड्ढे जैसी भूजल पुनर्भरण संरचना बनवाई जाएं।



**ओंकारेश्वर में वाहन पार्किंग व अधिक किराये लेने की शिकायतों की जांच कर कार्यवाही करें:** कलेक्टर गुप्ता ने बैठक में अपर कलेक्टर अरविंद चौहान को निर्देश दिए कि ओंकारेश्वर में वाहन पार्किंग ठेकेदार द्वारा निर्धारित दर से अधिक किराया लेने संबंधी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, अत: इन शिकायतों की जांच करें और दोषी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही करें। उन्होंने आरटीओ को निर्देश दिए कि मोरटक्का एवं सनावद से ओंकारेश्वर जाने वाले ऑटो रिक्शा की किराए की दरें निर्धारित करें। श्रद्धालुओं से ऑटो रिक्शा चालकों द्वारा अधिक किराए लिए जाने की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। उन्होंने कहा कि जो ऑटो रिक्शा चालक निर्धारित दर से अधिक किराया लेते पाए जाएं, उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाए। कलेक्टर गुप्ता ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जिले के सभी शासकीय और अशासकीय अस्पतालों में, जिला आपूर्ति अधिकारी को जिले के सभी रेस्टोरेंट, होटल, पेट्रोल पंप और गैस एजेंसियों की पक्की छतों पर तथा वेयर हाउस कॉरपोरेशन के प्रबंधक को जिले के सभी शासकीय व अशासकीय वेयर हाउसों की पक्की छतों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने के लिए कहा।

## बीमारियों की रोकथाम व बचाव के संबंध में बैठक में दिए निर्देश

**खण्डवा।** राष्ट्रीय वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम अन्तर्गत डेंगू, चिकुनगुनिया, मलेरिया व अन्य वाहक जनित बीमारीयों के रोकथाम व बचाव के संबंध मे सोमवार को नगर निगम व मलेरिया विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों की समन्वय बैठक नगर निगम झोन पदमकुण्ड में आयोजित की गई। बैठक में जिला मलेरिया अधिकारी श्री करण सिंह भूरिया ने बताया गया कि शहरी क्षैत्र में सार्वजनिक स्थलों, सार्वजनिक शौचालयों, टायर पंचर दुकानों, शासकीय भवनों, गलीयों, सीमेंटेड टेंक, घर-आंगन में रखे ड्रम, कूलर, गमलें छत पर रखी टंकीयाँ, कबाड़ आदि जगहों में वाहक मच्छर पनपते है। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह से अधिक पानी का ठहराव न हो, इसके लिए साप्ताहिक साफ सफाई हो, नालियों की साफ सफाई हो, बहता हुआ पानी रहना चाहिए, जहाँ भी ठहरा हुआ पानी हो उसकी साप्ताहिक सफाई की जाए और रुके हुए पानी पर जला हुआ आइल, केरोसिन, टेमीफॉस डालें।

## जिला स्तरीय संयुक्त परामर्श दात्री समिति की बैठक आयोजित




सीहोर ■ निसं

कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय संयुक्त परामर्श दात्री समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक मे कलेक्टर बालागुरू के. ने बैठक में उपस्थित विभिन्न कर्मचारी संघों के प्रतिनिधियों से कर्मचारियों के हित में अनेक बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की।

कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी विभाग के कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों से उनकी मांग एवं समस्याओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की और कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में अनेक संघों के पदाधिकारियों ने जिले में कार्यरत कर्मचारियों की वरिष्ठता सूची, क्रमोन्नति, समयमान, वेतनमान, लंबित एरियर्स की मांग, सेवा पुस्तिका का समय पर संधारण, सेवानिवृति उपरान्त शीघ्र स्वत्वों का भुगतान सहित अपनी अन्य मांगें रखी। कलेक्टर बालागुरू के. ने कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों के सभी मांग, समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना और निराकरण के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी विभाग के अधिकारियों को लंबित एरियर्स के प्रकरण को नियमानुसार कार्रवाई कर समयावधि में निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही जिस विभाग में अनुकंपा नियुक्ति संबंधी प्रकरण के आवेदन लंबित हैं उन्हें भी प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सभी कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों को शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण के लिए आश्वस्त किया तथा संबंधित विभागों को समय अवधि में कर्मचारियों के मांग को आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण करने के निर्देश दिए।

## 22 जुलाई से 16 सितंबर तक चलेगा दस्तक अभियान

मंदसौर ■ निसं

स्टॉप डायरिया अभियान और सह-दस्तक अभियान (22 जुलाई 2025 से 16 सितंबर 2025) की तैयारियों को लेकर सुशासन भवन मंदसौर में जिला टास्क फोर्स की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग ने की, जिसमें कुपोषण मुक्ति, मातृ-शिशु स्वास्थ्य और दस्तक अभियान के सफल क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक में सहयोगी विभागों से प्राप्त अपेक्षाओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया, साथ ही स्वास्थ्य विभाग को दस्तक अभियान के तहत आवंटित लक्ष्यों की विकासखंडवार समीक्षा भी की गई। कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने दस्तक अभियान के सभी सूचकांकों में शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने के सख्त निर्देश दिए, ताकि कोई भी बच्चा स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे। पोषण पुनर्वास केंद्र की बेड आक्यूपेंसी की स्थिति की भी समीक्षा की गई। समस्त सीडीपीओ (बाल विकास परियोजना अधिकारी) को निर्देशित किया गया कि वे प्रतिदिन प्रत्येक पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती होने वाले और छुट्टी पाने वाले बच्चों के आधार पर 15 बच्चों की वेटिंग लिस्ट तैयार रखें। यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया कि पोषण पुनर्वास केंद्र में एक भी बिस्तर खाली न रहे।

# कलेक्टर ने सिंहस्थ की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों के साथ की बैठक

खरगोन ■ निसं

कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल की अध्यक्षता में 14 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सिंहस्थ की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती रेखा राठौर, सहायक कलेक्टर जामदार फरहान इरफान, डिप्टी कलेक्टर सुश्री पूर्वा मण्डलोई, महेश्वर एसडीएम अनिल जैन, बड़वाह एसडीएम श्री सत्यनारायण दर्रो,, संबंधित सीएमओ, जनपद सीईओ, एमपी टूरिज्म सहित




संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर सुश्री मित्तल ने अधिकारियों से सिंहस्थ की तैयारियों के तहत किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली और निर्देश दिए कि नर्मदा घाट पर रेलिंग का निर्माण महेश्वर के एमपीटी से सड़क मार्ग तक किया जाए ताकि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

कलेक्टर सुश्री मित्तल ने कहा कि पाथवे में लाइटिंग और सीसीटीवी की व्यवस्था पीडब्ल्यूडी व डब्ल्यूआरडी के सहयोग से करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि रेलिंग घाट से इतनी दूरी पर लगाई जाए कि श्रद्धालु सुरक्षित स्नान कर सकें और पानी की गहराई को नापकर ही रेलिंग लगाई जाए। महेश्वर में पर्यटन विभाग द्वारा होने वाले अहिल्या लोक निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए उन्होंने सौंदर्यीकरण, संग्रहालय विस्तार और अहिल्या द्वार के निर्माण को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने तथा रोड एवं पार्किंग की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

## केस शिल्पी मंडल में पद मुक्त दौर कुछ प्रतिनिधियों का शासन से असंतुष्टि का आरोप

भोपाल ■ निसं

मध्य प्रदेश शासन ने किस शिल्पी मंडल के अंतर्गत विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित की हैं परंतु शासन की कल्याणकारी योजनाएं जमीनी स्तर पर कहीं ना कहीं क्रियान्वित होने में व्यावहारिक रूप से जमीन पर नहीं उतर पा रही हैं जिस से पात्र हितग्राही वंचित है गौरतलब है कि केश शिल्पी योजनाओं में पंजीकृत होने पर हितग्राही को राशन खाद्य पदार्थ, गुमठी रोजगार के लिए ऋण सहित भी शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त होता है इसी कड़ी में मंडल का मध्य प्रदेश शासन ने गठन किया जिसमें कैबिनेट स्तर में मंत्री से लेकर नगरी निकाय, जनपद पंचायत जिला पंचायत में अपने प्रतिनिधि नियुक्त किया परंतु शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का जमीनी स्तर पर व्यावहारिक कठिनाइयों और प्रतिनिधि इन गतिविधियों से असंतुष्ट हुए बनखेड़ी से केश शिल्पी प्रतिनिधि हेमराज सराठे, नगर परिषद बनखेड़ी,महेंद्र सराठे जिला पंचायत प्रतिनिधि नरसिंहपुर, विभिन्नक्षेत्रों के केश शिल्पी प्रतिनिधि ने अपने पद से त्यागपत्र दिया ओर शासन को अवगत कराया बनखेड़ी हेमराज सराठे , भोपाल केस शिल्पी मंडल पूर्व प्रतिनिधि भोपाल दर्शन सेन ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं ओर क्रियान्वयन में जमीनी स्तर पर व्यावहारिक रूप में बहुत विसंगति है इसलिए इसके जिम्मेदार मंत्री और नीतियां हैं।

इसलिए विभिन्न प्रतिनिधियों ने कई जिले तहसील नगरी निकाय के प्रतिनिधि अपना अपना त्यागपत्र दे रहे हैं क्यों ना शासन अपनी रीति नीति में परिवर्तन लाए जिससे शासन की जनकल्याण की सार्थकता है त्यागपत्र दे चुके केश शिल्पी प्रतिनिधि, प्रदीप श्रीवास, अशोक वर्मा उज्जैन से औरभोपाल , नरसिंहपुर , रायसेन विभिन्न स्थानों से प्रतिनिधियों ने चर्चा के उपरांत बताया की शासन की कल्याणकारी योजनाओं से व्यक्ति लाभान्वित नहीं हो पा रहे हैं इसलिए त्यागपत्र दे रहे हैं यह आगामी समय ही बताएगा इनका त्यागपत्र शासन की रीति नीति को किस दशा और दिशा की ओर ले जाता है।

**मंत्री कैबिनेट ( दर्जा प्राप्त )**
**केश शिल्पी मंडल म प्र**
**नन्द किशोर वर्मा**

ऐसा नहीं है जो पात्र है वो लाभान्वित हो रहे हैं अभी कुछ योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए मुख्यमंत्री जी के दस्खत होना है जो जल्दी ही होंगे अन्य कार्य भी हो रहे हैं आप आंकड़े देख सकते हैं चाहे ऋण हो, कार्ड पंजीयन हो या अन्य लाभ जो पात्र हैं

### एडीएम करेंगे ओंकारेश्वर में पार्किंग वसूली केस की जांच

# कलेक्टर ने दिए निर्देश, कहा- सनावद, मोरटक्का से टैक्सी किराया तय करें

खंडवा ■ निसं

खंडवा के ओंकारेश्वर में पार्किंग वसूली में गड़बड़ी की शिकायत मिलने की जांच अपर कलेक्टर करेंगे। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जांच के निर्देश दिए हैं। कहा कि वाहन पार्किंग ठेकेदार द्वारा निर्धारित दर से अधिक किराया लेने संबंधी शिकायतें मिल रही हैं, इन शिकायतों की जांच करें और दोषी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई करें। जांच एडीएम अरविंद चौहान को सौंपी हैं।

इधर, आरटीओ से कहा कि मोरटक्का व सनावद से ओंकारेश्वर जाने वाले ऑटो रिक्शा की किराए की दरें निर्धारित करें। श्रद्धालुओं से ऑटो रिक्शा चालकों द्वारा



अधिक किराया लिए जाने की शिकायतें मिल हो रही हैं। जो ऑटो रिक्शा चालक निर्धारित दर से अधिक किराया लेते पाए जाएं, उनके विरूद्ध कार्रवाई की जाए।

### बैंक शाखा विहीन गांवों में बैंक सखियों की नियुक्ति होगी

टीएल बैठक में कलेक्टर ने सभी कार्यालयों में ई-ऑफिस सिस्टम लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने हरसूद और किल्लौद के तहसीलदारों को निर्देश दिए कि फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में प्रगति लाएं, क्योंकि वर्तमान प्रगति संतोषजनक नहीं है। उन्होंने लीड बैंक प्रबंधक को निर्देश दिए कि जिन गांवों में बैंक की कोई शाखा नहीं है, वहां बैंक सखी की नियुक्ति की जाए। बैंक सखी के लिए जरूरी ट्रेनिंग दी जाए। इसके अलावा उन्होंने सभी सीएमओ, एसडीएम और तहसीलदार से कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में सुनिश्चित करें कि गणेश उत्सव और नवदुर्गा पर्व के दौरान श्री गणेश व मां दुर्गा की प्रतिमाएं मिट्टी की ही बने। प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियां नहीं बने। कलेक्टर ने मंडी सचिव को निर्देश दिए कि फार्म गेट एप का उपयोग करने के लिए किसानों को प्रेरित करें, ताकि वे घर बैठे ही अपनी फसल अच्छे मूल्य पर बेच सकें।

सोमवार को टीएल बैठक में कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने भक्तों के साथ हो रही लूट के मामले में अधिकारियो को फटकार लगाई है। इस समय सावन महीने के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु ओंकारेश्वर दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।



भोपाल। भोपाल में सोमवार को पहले सावन सोमवार पर महिलाओं ने मंदिर में पूजा अर्चना की भोलेनाथ की।

### बिजली की मांग की पूर्ति होगी न्यूक्लियर पॉवर प्रोजेक्ट से

# मप्र में बनेंगे चार परमाणु बिजली संयंत्र

भोपाल ■ निसं

प्रदेश के साथ-साथ देश की ऊर्जा जरुरतों को पूरा करने के लिए केंद्र सरकार जल्द ही मप्र के चार जिलों में परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने जा रही है. ये चार जिले हैं- नीमच, देवास, सिवनी और शिवपुरी। इसके लिए कुछ जगहों पर तो बकायदा सर्वे भी पूरा कर लिया गया है। ये संभवत: पहली बार होगा कि राज्य में बिजली उत्पादन के लिए इतने बड़े पैमाने पर परमाणु ऊर्जा संयंत्र लगाए जाएंगे। दरअसल, प्रदेश में बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है। ऐसे में अब न्यूक्लियर पॉवर प्रोजेक्ट से बिजली की मांग की पूर्ति की जाएगी।



गौरतलब है कि मप्र में बिजली उत्पादन के लिए सरकार विभिन्न स्रोतों का उपयोग कर रही है। अब प्रदेश की बिजली की जरूरत को पूरा करने के लिए सोलर के अलावा चार शहरों में न्यूक्लियर पॉवर प्रोजेक्ट लगाने की तैयारी शुरू हो गई है। प्रदेश के नीमच, देवास, सिवनी और शिवपुरी में एनटीपीसी द्वारा ये प्रोजेक्ट स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए जहां एनटीपीसी सक्रिय हो चुकी है, वहीं राज्य शासन ने परमाणु परियोजनाओं की स्थापना में सहयोग के लिए समिति का गठन पहले ही कर दिया है। समिति भूमि अधिग्रहण और जमीन खरीदने, जल उपलब्धता व आवंटन के लिए समन्वय का काम देख रही है।

#### बिजली की डिमांड 19 हजार मेगावॉट तक पहुंची

मप्र में बिजली की डिमांड लगातार बढ़ रही है। प्रदेश पिछले दिसंबर तक बिजली की डिमांड 19 हजार मेगावॉट तक पहुंच चुकी है। इस साल के अंत तक यह डिमांड 20 हजार मेगावॉट को पार कर सकती है। अगले कुछ सालों में ही डिमांड 25 हजार मेगावॉट को पार कर जाएगी। इसको देखते हुए राज्य सरकार बिजली की उपलब्धता बढ़ा रही है। पिछले पांच साल में उत्पादन में 2344 मेगावॉट का इजाफा हुआ है। इस अवधि में डिमांड 14089 से बढ़कर 17170 मेगावॉट तक पहुंच गई। यानी पिछले पांच साल में डिमांड 3081 मेगावॉट तक बढ़ गई। यह डिमांड अब 19 हजार मेगावॉट तक पहुंचने के आसार है। इसको देखते हुए अब बिजली की उपलब्धता बढ़ाई जा रही है। इन चार परमाणु परियोजानाओं से 1200 मेगावॉट की दो यूनिट के साथ 6 यूनिट तक प्रस्तावित हैं।

#### सौर एवं पवन ऊर्जा से बन रही बिजली

प्रदेश में बिजली की डिमांड लगातार बढ़ रही है। बढ़ती डिमांड के मुताबिक ऊर्जा उत्पादन में भी इजाफा हो रहा है। प्रदेश सरकार का फोकस इस समय सौर ऊर्जा को लेकर है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण की रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश की बिजली मांग को पूरा करने के लिए 2034-35 तक 29956 मेगावाट सौर और 5293 मेगावाट पवन ऊर्जा की जरूरत होगी। रिपोर्ट में बताया है कि प्रदेश में 5.36 फीसदी की दर से सौर ऊर्जा में इजाफा हो रहा है। इसके देखते हुए सरकार ग्रीन-एनर्जी हब तैयार कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार



### दादाजी धाम मंदिर में सावन माह के प्रथम सोमवार को भक्तों द्वारा रुद्राभिषेक किए गए

**भोपाल।** दादाजी धाम मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री श्री 1008 श्री दादाजी गुरुदेव चेरीटेबल ट्रस्ट के द्वारा सावन माह भगवान शिव का प्रिय दिन प्रथम सोमवार को पंडित जी द्वारा यजमान को विधि विधान से चंद्रदोष के लिए दूध से भक्तों द्वारा रुद्राभिषेक किये गए । भगवान शिव के दर्शन के लिए श्रद्धालु देर रात्रि तक आते रहे। इसी प्रकार प्रतिदिन सावन मास में भक्तों द्वारा रुद्राभिषेक दादाजी धाम मंदिर में किए जा रहे हैं। इसमें आप सभी भक्त लोग शामिल होकर पूर्ण लाभ प्राप्त करें। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, सावन मास में ही भगवान शिव ने माता पार्वती को पत्नी के रूप में स्वीकार किया था। सावन के चारों सोमवार को श्रद्धा और नियम से पूजन करने पर भगवान शिव और माता पार्वती आपकी हर कठिनाई को हर सकते हैं और मनोकामना को पूरी करते है।

### पंकज मिश्रा को पीएचडी की उपाधि

**भोपाल।** सैम ग्लोबल विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा पंकज मिश्रा को उनके शोध कार्य जनसामान्य में कानून संबंधी



खबरों के प्रति रूचि एवं जागरुकता के प्रसार में समाचार पत्रों की भूमिका (भोपाल के समाचार पत्रों के संदर्भ में) विषय पर उत्कृष्ट अनुसंधान कार्य के लिए पीएचडी की उपधि प्रदान की है। गौरतलब है कि पंकज मिश्रा ने अपना शोध कार्य मीडिया विशेषज्ञ, वरिष्ठ पत्रकार एवं मीडिया स्टडीज के प्रोफेसर डॉ. नीरज कुमार पांडेय के मार्गदर्शन में सफलतापूर्व पूर्ण किया। पंकज मिश्रा लोक सेवा प्रबंधन में मैनेजर (प्रशासन) एवं विधि विषय के जानकार हैं। मिश्रा पब्लिक रिलेशंस सोसासटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) भोपाल के सचिव एवं नेशनल काउंसिल के सदस्य हैं। इस उपलब्धि पर उन्हें पीआरइसआई एवं एमसीयू के सभी शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

### दहशत फैलाने वाले इनामी बदमाश का पुलिस ने निकाला जुलूस

**भोपाल।** पुराने शहर की टीला जमालपुरा थाना पुलिस ने एक फरार इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। बदमाश इंद्रा नगर में दहशत फैलाने के लिये खुलेआम तलवार लेकर घूम रहा था। पुलिस ने सोमवार को इलाके में उसका जुलूस निकाला। इस दौरान आरोपी अपराध करना पाप है, पुलिस हमारी बाप है, कहता दिखाई दे रहा था। टीआई डीपी सिंह से मिली जानकारी के मुताबिक इन्द्रा नगर टीलाजमालपुरा में रहने वाला फैजान उर्फ चिकना पिता अमीन (40) आदतन बदमाश है। रायसेन के कोतवाली थाने से एक चोरी के मामले में फैजान बीते डेढ़ साल से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर दो हजार का इनाम भी घोषित किया गया था। इसके साथ ही बदमाश टीला जमालपुरा थाने के भी दो मामलों में फरार चल रहा था। बीती रात मुखबिर से सूचना मिली की फरार बदमाश फैजान इन्द्रा नगर मे तलवार लहराकर दहशत फैला रहा है। खबर मिलते ही टीम ने घेराबंदी कर उसे पकडते हुए उसके कब्जे से धारदार तलवार जप्त कर आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज कर किया। पुलिस ने बताया की बदमाश फैजान थाना टीलाजमालपुरा का कुख्यात अपराधी है, उसके खिलाफ भोपाल के टीलाजमालपुरा, तलैया, शाहजहांनाबाद, निशातपुरा, जहांगीराबाद, गांधी नगर, गौतम नगर, हनुमानगंज सहित थाना निवाली जिला बडवानी और कोतवाली रायसेन में हत्या, मारपीट, चोरी, अड़ीबाजी, अवैध हथियार जैसे 22 संगीन मामले दर्ज है।

### महापौर ने जोन अध्यक्षों एवं निगम अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश

**भोपाल।** महापौर श्रीमती मालती राय ने कहा है कि शहर में पर्यावरण संरक्षण एवं हरीतिमा वृद्धि के दृष्टिगत हरियाली तीज महोत्सव के दौरान निगम के सभी जोन क्षेत्रों में वृहद पैमाने पर सामूहिक रूप से पौधरोपण किया जाए साथ ही निगम अधिकारियों को निर्देशित भी किया है कि पौधरोपण हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। महापौर श्रीमती राय ने यह निर्देश हरियाली तीज महोत्सव पर पौधरोपण की तैयारियों के संबंध में जोन अध्यक्षों एवं निगम अधिकारियों की बैठक में दिए। बैठक में उपायुक्त हीरेन्द्र कुशवाह के अलावा जोन अध्यक्षगण व निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### समय की मांग अनुसार नवीन कोर्स करें संचालित, दीर्घकालिक विकास योजना पर विस्तृत चर्चा कर दिए निर्देश

# रीवा इंजीनियरिंग कॉलेज के सुदृढ़ीकरण से विंध्य क्षेत्र के समग्र विकास को मिलेगी गति : शुक्ल

भोपाल ■ निसं

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि रीवा इंजीनियरिंग कॉलेज विंध्य क्षेत्र का एक प्रमुख तकनीकी शिक्षण संस्थान है, जिसकी सुदृढ़ता न केवल क्षेत्रीय तकनीकी शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाएगी, बल्कि विंध्य क्षेत्र के समग्र विकास को भी गति देगी। उन्होंने कहा कि रीवा इंजीनियरिंग कॉलेज के तकनीकी सशक्तिकरण से आने वाले समय में विंध्य अंचल उच्च शिक्षा के एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में स्थापित होगा। यह संस्थान स्थानीय युवाओं की आकांक्षाओं को साकार करने के साथ-साथ प्रदेश की तकनीकी क्षमताओं को भी विस्तार देगा। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने मंत्रालय, भोपाल में रीवा इंजीनियरिंग कॉलेज की दीर्घकालिक विकास योजना पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में प्रमुख सचिव तकनीकी शिक्षा विवेक पोरवाल एवं रीवा इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आर.पी. तिवारी उपस्थित रहे।



उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार तकनीकी शिक्षा को वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित करने हेतु दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि शिक्षण गुणवत्ता के लिए योग्य शिक्षकों की भर्ती अहम है। उन्होंने निर्देश दिए कि वर्तमान पाठ्यक्रम के विधिवत संचालन के लिए स्वीकृत पदों की पूर्ति के साथ नवीन पाठ्यक्रम के लिए विषय विशेषज्ञों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का आधार उत्कृष्ट शिक्षण संकाय होता है। सभी विभागों में योग्य, अनुभवी एवं नवाचारोन्मुख फैकल्टी की शीघ्र भर्ती की जाए ताकि छात्रों को वैश्विक स्तर की तकनीकी शिक्षा मिल सके। इसके लिए रीवा इंजीनियरिंग कॉलेज को विभाग आवश्यक सहयोग प्रदान करे। समय की मांग अनुसार नवीन कोर्स का संचालन करें। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि प्रस्तावित योजनाओं को शीघ्र अनुमोदन की प्रक्रिया में लाया जाए।

प्राचार्य डॉ. तिवारी ने कॉलेज की 5 वर्षीय एवं 20 वर्षीय सुदृढ़ीकरण योजना प्रस्तुत की। उन्होंने 88.30 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक पाठ्यक्रमों की शुरुआत, अधोसंरचना विकास और अन्य सुविधाओं के विस्तार का रोडमैप प्रस्तुत किया। प्रस्तावित योजना में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, इलेक्ट्रिकल व्हीकल टेक्नोलॉजी, ऑटोमेशन एवं फायर टेक एंड सेफ्टी इंजीनियरिंग जैसे समसामयिक विषयों में 5 नवीन यूजी प्रोग्राम तथा साइबर सिक्योरिटी, कंस्ट्रक्शन टेक्नोलॉजी, डिजिटल कम्युनिकेशन, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीन डिजाइन, इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग, एडवांस प्रोडक्शन सिस्टम सहित 9 पीजी प्रोग्राम प्रारंभ किए जाने का प्रस्ताव शामिल है। साथ ही 17.53 करोड़ रुपये की लागत से सेंट्रल लाइब्रेरी, 12.33 करोड़ रुपए लागत से स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और 1.45 करोड़ रुपए लागत से इन्क्यूबेशन सेंटर के निर्माण कार्य विकास योजना में शामिल है।

# रेलवे आरक्षण चार्टिंग प्रक्रिया में हुआ महत्वपूर्ण परिवर्तन

### अब 08 घंटे पहले तैयार होगा पहला चार्ट




भोपाल ■ निसं

यात्री सुविधा और पारदर्शिता को प्राथमिकता देते हुए रेलवे बोर्ड द्वारा आरक्षण चार्ट तैयार करने की प्रक्रिया में बड़े बदलाव लागू किए गए हैं। भोपाल मंडल में यह नई व्यवस्था दिनांक 15/16 जुलाई 2025 की मध्य रात्रि से लागू होगी, जिसके तहत ट्रेनों का प्रथम आरक्षण चार्ट अब उनके प्रस्थान समय से 08 घंटे पूर्व तैयार किया जाएगा। तदनुसार इमरजेंसी कोटे के आवेदन एक दिन पूर्व स्वीकार किये जायेंगे ।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ कटारिया ने बताया कि पूर्व में यह चार्टिंग प्रक्रिया ट्रेन प्रस्थान से 04 घंटे पूर्व तैयार की जाती थी जो कि अब 08 घंटे पूर्व तैयार किया जाएगा जिससे प्रतीक्षा सूची और आरएसी यात्रियों को अपनी बर्थ की स्थिति 08 घंटे पहले मालूम चल सकेगी।

कटारिया ने आगे बताया कि इस निर्णय का उद्देश्य यात्रा की योजना में सुधार लाना है ताकि यात्री टिकट कन्फर्मेशन की स्थिति समय रहते जान सकें । यह नवाचार यात्रियों की संतुष्टि में वृद्धि करेगा।

#### चार्टिंग की नई समय-सारणी इस प्रकार होगी

- जिन ट्रेनों का प्रस्थान सुबह 05:00 बजे से दोपहर 14:00 बजे के बीच है, उनका पहला चार्ट पूर्ववर्ती दिन रात्रि 21:00 बजे तक तैयार किया जाएगा।
- जिन ट्रेनों का प्रस्थान दोपहर 14:00 बजे से रात्रि 23:59 बजे के बीच या मध्यरात्रि 00:00 बजे से सुबह 05:00 बजे के बीच है, उनका पहला चार्ट अब 08 घंटे पूर्व तैयार किया जाएगा।
- दूसरे आरक्षण चार्ट तैयार करने के संबंध में मौजूदा प्रावधानों में कोई बदलाव नहीं होगा।
- यह नई व्यवस्था रिमोट लोकेशन (दूरस्थ स्टेशनों) पर चार्टिंग प्रक्रिया के लिए भी अनिवार्य रूप से लागू होगी।

# मानसरोवर पब्लिक स्कूल की इनवेस्टिचर सेरेमनी में कैबिनेट ने ली शपथ

भोपाल ■ निसं

मानसरोवर पब्लिक स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र की कैबिनेट का भव्य अलंकरण समारोह कोलार रोड स्थित मानसरोवर पब्लिक स्कूल प्रांगण में आयोजित किया गया। इस दौरान सत्र 2025-26 के लिए कैबिनेट के नवनिर्वाचित सदस्यों को ज़िम्मेदारियां सौंपी गईं, वहीं दूसरी ओर विद्यार्थियों ने पूरी निष्ठा और कर्मठता के साथ अपने पद की गरिमा को बनाए रखने की शपथ ग्रहण की।




कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल विकास झा और श्री साईं ग्रामोत्थान समिति के उपाध्यक्ष डॉ. कर्नल एम.के. तिवारी, विशिष्ट अतिथि प्राचार्य शिक्षा विभाग डॉ. अनामिका श्रीवास्तव और डीन विधि विभाग डॉ. ताई चौरसिया सहित मानसरोवर पब्लिक स्कूल के प्राचार्य सोजन जॉसेफ ने दीप प्रज्जवलित कर किया। लेफ्टिनेंट कर्नल विकास झा ने निष्ठापूर्वक नेतृत्व के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों को मूल्यों को बनाए रखने और अपनी ज़िम्मेदारियों के प्रति समर्पित रहते हुए औरों के लिए आदर्श बनने का आग्रह किया। जिसके बाद अतिथियों की उपस्थिति में हेड बॉय और हेड गर्ल के साथ साथ खेल, सांस्कृतिक, अनुशासन, स्वास्थय एवं कल्याण आदि मंत्रियों को नियुक्त किया गया। वहीं गंगा, यमुना, कावेरी और नर्मदा सदनों के हाउस कैप्टन और वाईस कैप्टन प्रीफेक्ट और बैंड ग्रुप को औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण करवाया गया।

नवनियुक्त परिषद के सदस्यों को जहां एक ओर बैच और सैशे प्रदान कर शपथ दिलाई गई। वहीं छात्र परिषद ने विद्यालय के आदर्श वाक्य और मूल्यों को निष्ठा, समर्पण और अनुशासन के साथ बनाए रखने की शपथ ली। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यार्थियों ने बैंड के साथ परेड कर सलामी दी। वहीं नृत्य और संगीत की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समा बांध लिया।

कार्यक्रम अध्यक्ष मानसरोवर समूह की चेयरपर्सन महोदया मंजुला तिवारी और चीफ एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर इंजी. गौरव तिवारी ने कैबिनेट सदस्यों और स्कूल स्टाफ को बधाइयां प्रेषित की। कार्यक्रम का समापन हेड बॉय रुद्र बडोले और हेड गर्ल सिद्धि चौरसिया द्वारा धन्यवाद ज्ञापन कर किया गया।

### कोलार डैम पर पिकनिक मनाने गये दो छात्रों की डूबने से मौत

**भोपाल।** राजधानी के नजदीक स्थित पिकनिक स्पॉट कोलार डैम पर अपने दोस्तो के साथ पिकनिक मनाने पहुचें भोपाल के दो छात्रों की कोलार डैम में डूबने से मौत हो गई। बताया गया है की संडे को छुट्टी वाले दिन चार छात्र पिकनिक मनाने कोलार डैम पहुंचे थे। यहॉ चारो पानी में उतरकर नहाने लगे इसी बीच अंदाजा न होने पर तीन छात्र गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। एक छात्र जैसै-तैसै संभलते हुए थोड़ा बहूत तैरकर किनारे आ गया।लेकिन दो छात्र गहरे पानी में समा गये। सूचना मिलने पर एसडीईआरएफ की टीम ने रेस्क्यू करते हुए करीब 18 घंटो की मशक्कत के बाद दोनों के शवो को सोमवार सुबह बरामद कर पीएम के लिए बिलकिसगंज भेज दिया। जानलेवा हादसे का वीडियो भी सामने आया है। मृतकों की पहचान बिहार निवासी प्रिंस राजपूत (22) और छतरपुर में रहने वाले उज्वल त्रिपाठी (20) के रूप में हुई है।

# सुप्रिया पाठक ने राजनीति विज्ञान में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की

भोपाल ■ निसं

सुप्रिया पाठक ने राजनीति विज्ञान में पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सुप्रिया को यह उपाधि बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा मध्यप्रदेश के साहरिया जनजाति में राजनीतिक एवं प्रशासनिक जागरूकता: चंबल संभाग के विशेष संदर्भ में विषय पर शोध कार्य के लिए प्रदान की गई है।

सुप्रिया के माता पिता राधावल्लभ पाठक एवम सभी परिवार वालों ने बेटी की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह पूरे परिवार के लिए गौरव का क्षण है।सुप्रिया का जन्म ग्राम उटीला जिला ग्वालियर में हुआ और वे बचपन से ही पढ़ाई में मेधावी रही हैं। प्रारंभिक शिक्षा के बाद उन्होंने उच्च शिक्षा में निरंतर उत्कृष्ट



प्रदर्शन करते हुए यह मुकाम हासिल किया है। वर्तमान में डॉ. सुप्रिया पाठक उत्तराखंड सरकार के योजना विभाग में परियोजना सहायक के पद पर कार्यरत हैं और सचिवालय देहरादून में पदस्थ हैं।उनकी यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत संघर्ष और समर्पण का परिणाम है, बल्कि यह उन सभी बेटियों के लिए प्रेरणा है जो ग्रामीण परिवेश से निकलकर उच्च शिक्षा की ऊँचाइयों को छूने का सपना देखती हैं।

### अनधिकृत वेंडिंग एवं ओवर चार्जिंग पर वाणिज्य विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई

# बीना, भोपाल और इटारसी से 32 वेंडर पकड़े गए

भोपाल ■ निसं

भोपाल मंडल में यात्रियों को गुणवत्तापूर्ण, स्वच्छ एवं किफायती खानपान सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी के मार्गदर्शन में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 09 जुलाई 2025 से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया के नेतृत्व में प्रारंभ किया गया है, जिसमें रेलवे स्टेशन परिसरों एवं ट्रेनों में अनुशासनहीन, अनधिकृत एवं अव्यवस्थित खानपान गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। अभियान के अंतर्गत वाणिज्य विभाग की टीम द्वारा स्टेशनों पर औचक निरीक्षण कर विभिन्न बिंदुओं पर सख्त कार्रवाई की गई। इनमें बिना अनुबंध स्टेशन परिसर में मौजूद अनधिकृत वेंडरों की पहचान, अनुबंधित




स्टालों द्वारा निर्धारित दर से अधिक मूल्य वसूली, जनता खाना की अनुपलब्धता, स्टाल की निर्धारित सीमा से आगे फैलाव कर यात्रियों की आवाजाही में बाधा उत्पन्न करना, अनधिकृत गतिविधियां, स्टेशन के बाहरी क्षेत्र में अवैध वेंडिंग, ट्रेनों में पैंट्री कार की निगरानी तथा बिना यूनिफॉर्म या आईडी कार्ड के गंदे कपड़ों में कार्यरत वेंडरों की पहचान शामिल है।

भोपाल मंडल के वाणिय विभाग द्वारा मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर खानपान सेवाओं में अनियमितताओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की गई। बिना, भोपाल, इटारसी, विदिशा एवं हरदा स्टेशनों पर अनधिकृत विक्रेताओं, बिना वर्दी या पहचान पत्र के कार्यरत वेंडरों, अधिक मूल्य वसूली एवं गंदगी की शिकायतों पर कुल 69 मामलों में ?24,980/- का जुर्माना वसूला गया।

इस व्यापक निरीक्षण के दौरान अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन पाए जाने पर इटारसी स्टेशन पर तीन और भोपाल स्टेशन पर एक खानपान स्टाल को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। रेलवे प्रशासन द्वारा चेतावनी दी गई है कि अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन करने वाले किसी भी वेंडर को बख्शा नहीं जाएगा।

इसी क्रम में अब तक बीना स्टेशन से 09, भोपाल स्टेशन से 06 और इटारसी स्टेशन से 17 अनधिकृत वेंडरों को पकड़ा गया है। सभी वेंडरों को रेलवे सुरक्षा बल के माध्यम से रेल अधिनियम की धारा 144 के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई हेतु सुपुर्द किया गया है।

वरिष्ठ मंडल वाणिय प्रबंधक सौरभ कटारिया ने कहा कि, मंडल प्रशासन यात्रियों की सुविधा और स्वास्थ्य के प्रति पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। खानपान सेवाओं में अनियमितता या अनधिकृत गतिविधियों को किसी भी स्थिति में सहन नहीं किया जाएगा। यह विशेष अभियान आगे भी सतत जारी रहेगा और नियमों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

# बेबी केयर टेकर को शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

भोपाल ■ निसं

मिसरोद इलाके में बेबी केयर टेकर को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने अपने भाई के ऑफिस में उसे अपनी हवस का शिकार बनाया इसके बाद वह लगातार उसका शारीरिक शोषण कर रहा था। बीते दिनो जब पीड़िता ने उस पर शादी का दबाव बनाया तब आरोपी ने उसके साथ शादी करने से इंकार कर दिया।

शिकायत मिलने पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला कायम कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। थाना पुलिस के अनुसार राजधानी में रहने वाली 24 वर्षीय महिला ने अपनी शिकायत में बताया की वह बेबी केयर टेकर का काम करती है। उसकी पूर्व में शादी हो चुकी है, पति उसके साथ मारपीट करता था, तंग आकर वह पति से दूर रहने लगी। अक्टूबर 2024 में काम के दौरान उसकी पहचान जाटखेड़ी में रहने वाले आकाश गागले से हुई थी। वह टाइल्स की दुकान पर काम करता है। उसने महिला से नजदीकियां बढ़ाते हुए उसे शादी करने का झांसा दिया। पीड़ता ने जब अपनी सहमति दे दी इसके बाद नवंबर 2024 में वह उसे घुमाने के बहाने मिसरोद स्थित अपने भाई के ऑफिस ले गया। वहां आरोपी ने जल्द शादी करने का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बना डाले। इसके बाद आरोपी लगातार उसका शारीरिक शोषण करता रहा। कुछ दिन पहले जब पीड़िता ने उस पर शादी का दबाव बनाया तब उसने शादी करने से इंकार करते हुए उससे दुरियां बना ली। काफी कोशिश के बाद भी जब आरोपी उसके साथ शादी करने से इंकार करता रहा तब मामला थाने जा पहुंचा।

## अनमोल वचन

प्रोध में मनुष्य अपने मन की बात नहीं कहता, वह केवल दूसरों का दिल दुखाना चाहता है।
**प्रेमचंद**

हमारी पहचान हमेशा हमारे द्वारा छोड़ी गई उपलब्धियों से होती है।
**अमरीकी कहावत**

## सम्पादकीय

### अमेरिकी कंपनी ने वायदा कारोबार में भारतीय निवेशकों से 2 लाख करोड़ ठगे

*अमेरिका की कंपनी जेन स्ट्रीट हाई फ्रीक्रेंसी ट्रेडिंग फर्म है। इसने पिछले 4 सालों में भारत के वायदा कारोबार में ट्रेडिंग के नियमों का उल्लंघन कर लाखों करोड़ रुपए की लूट भारत से की है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) आंख बंद करके बैठी रही। भारत के वायदा कारोबार से जुड़े 91 फ़ीसदी निवेशकों को पिछले 4 सालों से यह कंपनी लूट रही थी। अभी तक जो जानकारी प्राप्त हुई है। उसके अनुसार 2 लाख करोड रुपए से ज्यादा की लूट इसने पिछले वर्षों में की है। इसके पहले के आंकड़ों को अभी तक सेवी ने उजागर नहीं किया है। जब इस मामले की कलई खुली, सेबी ने जेन स्ट्रीट और उसकी सहयोगी कंपनियों पर कार्यवाही करते हुए 4843.57 करोड रुपए जप्त करने के आदेश दिए हैं। इस कंपनी ने पिछले दो वर्ष जिसमें वर्ष 2024 में लगभग 50000 करोड रुपए 2025 में 74812 करोड रुपए का घोटाला किया है। कंपनी ने निफ्टी के 50 इंडेक्स वाले शेयरों में हाई फ्रीक्रेंसी ट्रेडिंग वाले सॉफ्टवेयर का उपयोग करते हुए, पिछले 4 वर्षों से धोखाधड़ी की जा रही है। कंपनी सुबह के समय भारी मात्रा में वायदा कारोबार के शेयर और फ्यूचर्स में कारोबार करती थी। वायदा कारोबार में इन कंपनियों की खरीदी के कारण जब तेजी आ जाती थी। तो खरीदे हुए शेयर कुछ ही सेंकड़ों में बेचकर भारी मुनाफा कमाकर अमेरिका ले जाती थी। इसकी जानकारी देने वाले विहसिल ब्लोअर मयंक बंसल का दावा है। जेन स्ट्रीट ने जनवरी 2023 से मार्च 2025 तक 36502 करोड रुपए का अवैध मुनाफा कमाया है। इसकी सहयोगी कंपनियों के आंकड़े को भी सामने लाया जाए तो पिछले 4 वर्षों में वायदा कारोबार में जो 91 फ़ीसदी छोटे भारतीय निवेशक थे। उन्हें लाखों करोड़ों रुपए का घाटा हुआ है। अमेरिका की कंपनी ने वायदा कारोबार में इंडेक्स की 50 कंपनियों में शॉर्ट ऑप्शन का इस्तेमाल करते हुए भारी मुनाफा कमाया है। भारतीय शेयर बाजार से कमाए गए मुनाफे को कंपनी अमेरिका ले गई है। भारतीय शेयर बाजार का पैसा सिंगापुर और अमेरिका में बड़े पैमाने पर अवैध तरीके से ट्रांसफर किया गया है। वायदा कारोबार के भारतीय 91 फ़ीसदी निवेशकों को भारी नुकसान हुआ है। वायदा कारोबार के 50 इंडेक्स वाली सूची के शेयरों में निवेश करने वाले धोखाधड़ी के शिकार हुए हैं। 3 जुलाई 2025 को सेबी ने जेन स्ट्रीट और उसकी सहयोगी कंपनियों के कारोबार पर प्रतिबंध लगाया है। सेबी ने 4843.57 करोड रुपए जप्त करने के आदेश दिए हैं। इस कंपनी ने लाखों करोड़ रुपए की लूट भारतीय शेयर बाजार से अवैध तरीके से की है। सेबी और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज को पल-पल की खबर होती है। शिकायत करने के बाद भी दोनों नियामक संस्थाओं ने कोई कार्यवाही कंपनी पर नहीं की। 4 साल से यह गोरख धंधा चलता रहा, अब जाकर कार्रवाई की गई है। अमेरिका की कंपनी अमेरिका में मामला दर्ज कराने की बात कर रही है। भारतीय शेयर बाजार, विदेशी कंपनियों को मुनाफा देने वाला सबसे बड़ा बाजार बना हुआ है। विदेशी निवेशकों के लिए भारतीय शेयर बाजार सोने के अंडे देने वाला बाजार है। भारत की वित्तीय संस्थाओं द्वारा पिछले एक दशक में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और मुंबई स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध कंपनियों में भारी निवेश किया है। म्युचुअल फंड के जरिये करोड़ों भारतीय छोटे निवेशकों ने शेयर बाजार में निवेश किया है। पिछले 10 साल से विदेशी निवेशकों के लिये मुनाफा वसूली का सबसे बड़ा बाजार भारत का शेयर बाजार है। दुनिया के किसी भी शेयर बाजार में इस तरह की तेजी देखने को नहीं मिली, जो भारतीय शेयर बाजारों में देखने को मिली। निवेशकों के हितों को सुरक्षित रखने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी सेबी की होती है। मुंबई स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज को भी इस तरह के लेनदेन पर निगाह रखनी थी। समय रहते कार्रवाई करनी थी। तीनों आंख बंद करके बैठे रहे। रही-सही कसर केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय (ईड़ी) ने पूरी की है। जब भारत से अरबों रुपए की राशि हर महीने विदेश जा रही थी। शेयर बाजार के जरिए काले धन को विदेशों से भारत के शेयर बाजार में निवेश किया लाया जा रहा था। यहां से मुनाफा बसूली करके धन वापस ले जाया जा रहा था। इस मामले की कई शिकायतें पिछले वर्षों में हुई हैं। किसी भी संस्था ने जांच करने की जहमत नहीं उठाई। जिसके कारण हर साल भारतीय शेयर बाजार के जरिए लाखों करोड़ों रुपए के घोटाले हुए हैं। वायदा कारोबार का यह एक मामला है। जब धोखाधड़ी और घोटाले के मामले खुलकर सामने आएंगे। प्याज की तरह परत दर परत लाखों करोड़ों रुपए के नए-नए घोटाले सामने आते चले जाएंगे। पिछले एक दशक में जिस तरह से सेबी और ईडी में अधिकारियों की नियुक्ति हो रही है। केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी विपक्षियों के ऊपर कारवाई करने में लगे हैं। जो काम नियामक संस्थाओं और जांच एजेंसी को करना चाहिए था, उसमें जानबूझकर लापरवाही की गई है? जिसके कारण भारतीय निवेशक शेयर बाजार में लूटते रहे। भारतीय धन विदेशों में जाता रहा। सभी नियामक एजेसियां हाथ पैर हाथ रखकर तमाशा देखते रह गए। यही कहा जा सकता है। अभी भी समय है। भारतीय धन को धोखाधड़ी के जरिए विदेशों में जाने से रोकने के लिये सरकार को तुरन्त कार्रवाई करना चाहिए। अन्यथा आने वाला समय भारत के अर्थतंत्र के लिए बहुत खराब होगा है।*

## चिंतन-मनन

### व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया

*बदलाव का क्रम निरंतर चलता है। जैन दर्शन इस क्रम को पर्याय-परिवर्तन के रूप में स्वीकार करता है। पर्याय का अर्थ है अवस्था। प्रत्येक वस्तु की अवस्था प्रतिक्षण बदलती है। यह जगत की स्वाभाविक प्रक्रिया है।कुछ अवस्थाओं को प्रयत्नपूर्वक भी बदला जाता है।स्वभाव से हो या प्रयोग से, बदलाव की प्रक्रिया को बदलना संभव नहीं है।वस्तु बदल सकती है तो व्यक्ति भी बदल सकता है।इस आस्थासूत्र का आलंबन लेकर ही व्यक्ति व्यक्तित्व-निर्माण का लक्ष्य निर्धारित करता है।लक्ष्य निर्णीत होने के बाद उस दिशा में प्रस्थान करता है। आज का आदमी जेट युग की रफ्तार से चलता है। वह आकाश में सीढ़िया लगाने की बात सोचता है और समुद्र में सुरंग बनाने की कल्पना करता है।पर व्यक्ति-निर्माण का काम शॉर्टकट मेथड से पलक झपकते ही हो जाए, यह संभव नहीं है। व्यक्तित्व निर्माण की बात होती है तो प्रश्न उठता है कि किस प्रकार का व्यक्तित्व? इस प्रश्न का समाधान है आध्यात्मिक वैज्ञानिक व्यक्तित्व।व्यक्तित्व निर्माण के इस अनुष्ठान में जिन वर्गों को सहभागी होना है, उनमें एक वर्ग है- स्नातक। एक विद्यार्थी स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर का अध्ययन करने में अपने जीवन के सत्रह-अठारह वर्ष लगा देता है। उस समय उसके अभिभावकों के मन में यह भाव नहीं पैदा होता कि उसके ये वर्ष व्यर्थ तो नहीं बीत रहे हैं।क्योंकि डिग्री के साथ जीविका का संबंध जोड़ा जाता है।जीविका जीवन की अनिवार्यता है।लेकिन जीविका से अधिक मूल्यवान जीवन है।जीविका जीवन का साध्य नहीं साधन है।जीवन का साध्य है- विकास की यात्रा में अग्रसर होना। बुद्धि व्यक्तित्व का महज एक घटक है।उसका दूसरा घटक है प्रज्ञा।प्रज्ञा के जागरण से बौद्धिक विकास के साथ भावनात्मक विकास का संतुलन रहता है।जब ये दोनों विकास समानांतर होते हैं, तब आध्यात्मिक वैज्ञानिक व्यक्तित्व का निर्माण हो सकता है। इस बात को स्वयं विद्यार्थी अनुभव करे या नहीं, अभिभावकों को ध्यान देने की अपेक्षा है।*

# कौशलता विकास एक संकट मोचक बौद्धिक अस्त्र है

*आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे है क्योंकि हम 15 जुलाई 2025 को विश्व युवा कौशलता दिवस मना रहे हैं, इसे 2014 से संयुक्त राष्ट्र ने 15 जुलाई को प्रतिवर्ष विश्व युवा कौशल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था, जिसे प्रथम बार 15 जुलाई 2015 को मनाया गया था और हर साल नई थीम के साथ मनाया जाता है। वर्ष 2025 की थीम एआई और डिजिटल कौशल के माध्यम से युवा सशक्तिकरण रखा गया है।*

**किशन सनमुखदास भावनानीं**

विश्व युवा कौशल दिवस 15 जुलाई 2025-एआई और डिजिटल कौशल के माध्यम से युवा सशक्तिकरण कौशलता विकास,सामाजिक आर्थिक सुधारों बढ़ती असमानता बेरोजगारी जनसांख्यिकीय संक्रमण जैसे मुद्दों के समाधान में मील का पत्थर साबित होगा गोंदिया - सृष्टि रचयिता ने मानव को प्राकृतिक रूप से बौद्धिक क्षमता का अभूतपूर्व खजाना दिया है।बस! ज़रूरत है उसे पहचान कर निखारने की,जिसके बलपर सफ़लताओं की हदें पार की जा सकती है! मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र मानता हूं कि खास करके हर मानव में अपने अपने स्तरपर अलग-अलग कौशलता समाई हुई है, बस इसे पहचान कर उसका विकास करना है, जिसे हम कौशलता विकास दिवस के नाम से मनातें हैं।आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि हम 15 जुलाई 2025 को विश्व युवा कौशलता दिवस मना रहे हैं, इसे 2014 से संयुक्त राष्ट्र ने 15 जुलाई को प्रतिवर्ष विश्व युवा कौशल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था, जिसे प्रथम बार 15 जुलाई 2015 को मनाया गया था और हर साल नई थीम के साथ मनाया जाता है। वर्ष 2025 की थीम एआई और डिजिटल कौशल के माध्यम से युवा सशक्तिकरण रखा गया है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से कौशलता विकास पर चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम विश्व युवा कौशल दिवस 2025 की करें तो, सामाजिक-आर्थिक सुधार की दिशा में ठोस प्रयास है जो जलवायु परिवर्तन, संघर्ष, निरंतर गरीबी, बढ़ती असमानता, तेजी से तकनीकी परिवर्तन, जनसांख्यिकीय संक्रमण और अन्य जैसी चुनौतियों से जुड़े हुए हैं।युवा महिलाओं औरलड़कियों, विकलांग युवाओं, गरीब परिवारों के युवाओं, ग्रामीण समुदायों, स्वदेशी लोगों और अल्पसंख्यक समूहों के साथ-साथ हिंसक संघर्ष और राजनीतिक अस्थिरता के परिणाम भुगतने वाले लोगों को कई कारकों के संयोजन के कारण बाहर रखा जाता है, इसके अलावा, संकट ने काम की दुनियाँ में पहले से ही कई बदलावों को तेज कर दिया है, जो उन कौशल और दक्षताओं के बारे में अनिश्चितता की परतें जोड़ते हैं जिससे हम कौशलता से ऐसा दक्ष हो जाते है कि हम नौकरी पाने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वाले बन जाते है। संयुक्त राष्ट्र और इसकी एजेंसियां,जैसे कि यूनेस्को- यूएनईवीओसी, काम की दुनियाँ में पहुंची बाधाओं को कम



करके इन चुनौतियों का समाधान करने में मदद करने के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं, यह सुनिश्चित करते हुए प्राप्त कौशल को मान्यता प्राप्त और प्रमाणित किया जाता है, और बाहर के लिए कौशल विकास के अवसर प्रदान करता है। स्कूली युवा और जो रोजगार, शिक्षा या प्रशिक्षण (एनईईटी) में नहीं हैं 2030 एजेंडा के लिए कार्रवाई के इस दशक के दौरान, सकारात्मक परिवर्तन और नवाचार उत्पन्न करने के लिए वैश्विक प्रक्रियाओं में युवाओं की पूर्ण भागीदारी महत्वपूर्ण है।हमारे माननीय पीएम के ड्रीम प्रोजेक्टस में से एक है। भारत ने इसके लिए एक अलग से मंत्रालय का गठन किया है जो उचित प्रशिक्षण प्रदान करने, अच्छे काम रोजगार और उद्यमिता के लिए कौशलता प्रदान करने के महत्व पर जोर देता है और अनेक कार्यक्रमों का आयोजन कर कौशलता विकास के महत्व पर जन जागरण बहुत ही जोर शोर से करता है

साथियों बात अगर हम विश्व कौशलता दिवस 15 जुलाई 2025 के बारे में जानने की करें तो, थीम-2025 के लिए, विश्व युवा कौशल दिवस की थीम एआई और डिजिटल कौशल के माध्यम से युवा सशक्तिकरण है। महत्व-यह दिन युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करने, तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण (टीवीईटी) को बढ़ावा देने और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के युग में प्रासंगिक कौशल प्रदान करने पर केंद्रित है।आयोजन-इस दिन, विभिन्न कार्यक्रम, कार्यशालाएं और संवाद आयोजित किए जाते हैं, जिनमें युवाओं को कौशल विकास, रोजगार और उद्यमिता के अवसरों के बारे में जानकारी दी जाती है।भागीदारी-शिक्षक, अभिभावक, मार्गदर्शक,प्रशिक्षण प्रदाता और अन्य सभी को यह सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है कि युवा आवश्यक कौशल प्राप्त करें। दिनांक 12 जुलाई 2025 को देर शाम माननीय उपराष्ट्रपति ने एक कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कौशल का विकास के बारे में कहा भारतीय संविधान में 22 दृश्य चित्रणों में एक गुरुकुल की भी छवि है। हम हमेशा से ज्ञान के दान में विश्वास करते रहे हैं। कोचिंग सेंटरों को अपने बुनियादी ढांचे का उपयोग कौशल केंद्रों में बदलने के लिए करना चाहिए। मैं सिविल सोसाइटी और मेरे सामने और बाहर मौजूद जनप्रतिनिधियों से आग्रह करता हूँ कि वे इस बीमारी की गंभीरता को समझें। उन्हें शिक्षा में विवेकशीलता बहाल करने के लिए एकजुट होना होगा। हमें कौशल के लिए प्रबल प्रशिक्षण की सख्त आवश्यकता है।

साथियों बात अगर हम युवा कौशलता के लिए भारत द्वारा उठाए गए कदमों की करें तो, युवाओं की स्किल डेवलेपमेंट के लिए उठाए गए कदम निम्नलिखित हैं, औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र (आईटीआई)- वर्ष 1950 में परिकल्पित, का उद्देश्य भारत में मौजूदा दीर्घकालिक प्रशिक्षण पारिस्थितिकी तंत्र का विस्तार और आधुनिकीकरण करना है। पीएम स्किल्स विकास योजना (पीएमकेवीवाई)- 2015 में शुरू की गई, इसका उद्देश्य भारत के युवाओं को मुफ्त स्किल्स प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करना है। पीएम स्किल्स विकास योजना-यह भारत के युवाओं को 400 सेअधिक स्किल्स पाठ्यक्रम उपलब्ध कराकर रोजगार योग्य स्किल्स के साथ सशक्त बनाने के लिए 2021 की शुरुआत की गई है। पूर्व सीखने की मान्यता- इसे 2015 में व्यक्तियों द्वारा अर्जित पूर्व स्किल्स को पहचानने के लिए लॉन्च किया गया था। यह पीएमके वीवाई के प्रमुख घटकों में से एक है। इसके तहत एक निश्चित स्किल्स वाले या पूर्व सीखने के अनुभव वाले व्यक्तिको राष्ट्रीय स्किल्स योग्यता फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के अनुसार ग्रेड के साथ आरपीएल के तहत मूल्यांकन और प्रमाणित किया जाता है। राष्ट्रीय कैरियर सेवा परियोजना- इसके साथ पंजीकृत नौकरी चाहने वालों के लिए अपनी राष्ट्रीय कैरियर सेवा (एनसीएस) परियोजना के माध्यम से मुफ्त ऑनलाइन कैरियर स्किल्स प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 2015 में शुरू की गई।कौशल प्रबंधन और प्रशिक्षण केंद्रों का प्रत्यायन (स्मार्ट)- यह एकल खिड़की आईटी अनुप्रयोग प्रदान करता है जो स्किल्स पारिस्थितिकी तंत्र में प्रशिक्षण केंद्रों (टीसी) की मान्यता, ग्रेडिंग, संबद्धता और निरंतर निगरानी पर केंद्रित है।आजीविका के लिए स्किल्स अधिग्रहण और ज्ञान जागरूकता (संकल्प)- इसका ध्यान अभिसरण और समन्वय के माध्यम से जिला-स्तरीय स्किल्स पारिस्थितिकी तंत्र पर है।

# राजनीति में पढ़ाई का महत्व है

*यह हमें चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, सतना में देखने को मिला जहाँ छात्र शिक्षक को पैर छूते नजर आए यही हमारी संस्कृति है जो बड़ो का सम्मान करना और सही वक्तव्य देना उचित होता है जहाँ तक राजनीती का सवाल है अब उसमें भी पढ़े लिखें लोग शामिल हो रहें है जो पूर्व में आईएएस रहें हैं जैसे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और राजीव प्रताप रूड़ी, केंद्रीय मंत्री डॉ जीतेन्द्र सिंह और राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी और शशि थरूर जैसे कई अनुभवी नेता हैं देश को चलाने के लिए मंत्रालय होता है।*

**संजय गोस्वामी**

पढ़ाई किसी भी क्षेत्र में केवल शिक्षा ग्रहण नहीं करना है बल्कि हमें शिक्षक से गुणवान बनाता है जो जीवन में जरुरी है ख़ासकर आज के तकनिकी युग में हालांकि चुनाव एक लोकतान्त्रिक प्रक्रिया है इसमें लागू नहीं होता है लेकिन यदि पढ़ा लिखा होगा तो भविष्य में उसे अवश्य ही काम आएगा मैं एक सेमिनार में मुख्य अथिति के रूप में 2016 में सिवनी गया जहाँ सभी डॉ थे और हमें उनके व्यवहार से ऐ सिखने को मिला पीच्डी



आपके लिए काफी मायने रखती है हालांकि आर्ट और साइंस में करना उतना टफ नहीं है जितना इंजीनियरिंग में क्योंकि बीटेक ही एक टफ कोर्स है इंडिया में शिक्षा विदेशों से काफी बेहतर है जिसमें संस्कार को भी एक आदर्श के रूप में देखा जाता है यह हमें चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, सतना में देखने को मिला जहाँ छात्र शिक्षक को पैर छूते नजर आए यही हमारी संस्कृति है जो बड़ो का सम्मान करना और सही वक्तव्य देना उचित होता है जहाँ तक राजनीती का सवाल है अब उसमें भी पढ़े लिखें लोग शामिल हो रहें है जो पूर्व में आईएएस रहें हैं जैसे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और राजीव प्रताप रूड़ी, केंद्रीय मंत्री डॉ जीतेन्द्र सिंह और राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी और शशि थरूर जैसे कई अनुभवी नेता हैं देश को चलाने के लिए मंत्रालय होता है और उसके लिए सरकार द्वारा चुनाव में जीते गए एमपी या राज्य सभा के सांसद होते हैं मंत्री पद भी उनकी योग्यता के अनुसार देने की कोशिश होती है जैसे स्वास्थ्य मंत्रालय में डॉ और न्याय मंत्रालय में एल एल बी होता है मंत्री के निचे 1या दो राज्य मंत्री होते हैं और उस मंत्रालय का सचिव जो आईएएस रैंक का या उस क्षेत्र से सम्बंधित उच्च संस्थान में निदेशक हो जैसे विज्ञान और प्रोधोगिकी मंत्रालय के सचिव प्रोफेसर अभय कराणदीकर जी है हैं जो आई आई टी, कानपुर के फॉर्मर डायरेक्टर थे इसी तरह अन्य विभाग में होता है उसे उस क्षेत्र की पूर्ण जानकारी होता है अत: वह विदेश में भारत का प्रतिनिधित्व करता है अभी हाल ही में अमेरिका में यूक्रेन को हथियार के मदद में राष्ट्रपति ट्रम्प के आदेश के बाद भी रक्षा सचिव ने वहाँ से बापस मंगा लिया क्योंकि ऑडिट करना कारण बताया गया अत: सरकार सचिव के मामलों में दखल नहीं देती है क्योंकि वो कैबिनेट से चुने जाते है अत: यदि मंत्री पढ़ा लिखा होगा तो उस क्षेत्र का सही ज्ञान होगा और विदेश में किसी भी समझौता में बहुत सोच समझ कर जबाब देगा हाल ही में भारत में रक्षा के क्षेत्र में उप सेना प्रमुख राहुल आर. सिंह 4 जुलाई, 2025 को फिक्की द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में साफ कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में हम सिर्फ पाकिस्तान से नहीं बल्कि तीन फ्रंट पर लड़ाई कर रहें थे जिसमें पाकिस्तान के साथ तुर्की भी शामिल था इसमें सेना पर गर्व करना चाहिए कि सेना की ताकत और भविष्य में रक्षा कूटनीति की की नितांत आवश्यकता है और रूस से सम्बन्ध यदि ठीक नहीं है तो उसे सुधारने की जरुरत है इसलिए शायद सरकार ने शशि थरूर को रूस भेजा अमेरिका कभी मदद नहीं करेगा इसका पुराना इतिहास रहा है हालांकि इजराइल ने मदद की है जैसे अन्य स्रोत से मालूम हुआ है अत: भारत ने इसलिए ईरान और इजराइल के युद्ध में दुरी बना लीं अब विदेश नीति को सुधार करने की जरुरत है क्योंकि हम अभी भी रक्षा के मामले में आत्मनिर्भर नहीं है ऐ तो पूर्व प्रधानमंत्री अटलजी का 1998 में अमेरिका को ताक में रख कर परमाणु परीक्षण किया जिसका हवाला ट्रम्प ने दिया कि भारत में सीजफायर इसलिए कराया ताकि परमाणु युद्ध ना हो जाये और जब पता लगा की पाकिस्तान का परमाणु बम किसी और देश अमेरिका के नियंत्रण में है तो प्रधानमंत्री जी ने राष्ट्र के नाम पर पाकिस्तान को सीधा संदेश दिया कि परमाणु ब्लैक मेल नहीं चलेगी ऐसा भारत के इतिहास में पहली बार किसी प्रधानमंत्री जी ने राष्ट्र के नाम संदेश में दिया यदि हर किसी के कार्य के बारे में चर्चा करे इससे पहले अपने बारे में चर्चा से आज के हालत में पढ़ाई की कीमत को पहचाने आज तकनिकी युग है शुरू से हमलोगों का पेशा नौकरी करना नहीं रहा है लेकिन समय बदलते ही ऐ समझ गया आने वाला समय टेक्नोलॉजी का है इसलिए भाई को इंजीनियरिंग करने को प्रोत्साहित किया और इसप्रकार समाज में योग्यता के बल पर मान सम्मान मिला पहले हमारे बुजुर्ग लोग पूजा पाठ और लोगों की समस्या को हल करते थे कई अपने रिश्तेदार में समाधि भी लगाई है विंध्याचल से लेकर वृन्दावन में हमारे रिश्तेदार रहते हैं हमें रामायण की शिक्षा दादाजी से मिली और बाद में प्रभु राम के महत्व को जाना अत: नेगेटिव और पोजेटिव दोनों का होना जरुरी है पोजटिव पाना है तो नेगेटिविटी गतिविधियों को मन में आने ही ना दें अच्छा कर्म,मानवता ही पोजटिव का स्त्रोत है हमारे परिवार में आज भी लोग खुद पूजा पाठ करते हैं जो पोजटिव एनर्जी देती है अत: पढ़ना जरुरी है देश में पढ़े लिखें लोगों को ही वोट देना प्रदेश या देशहित में होता है क्योंकि इससे उसे अपने व्यवहार और समस्या को हल करने में सहूलियत होती है नीतीश कुमार जो वर्तमान में बिहार के सीएम हैं वो एन आईटी से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिग्री किए है इसलिए बिहार का विकास हुआ और खुद प्रशांत किशोर जन सूराज पार्टी के नेता तेजस्वी यादव जो महागठबंधन के लिए बिहार में अगले चुनाव में अपने मुख्यमंत्री की दावेदारी कर रहें हैं 9वीं फेल है यह मंच पर बताने की जरुरत नहीं थी बिहार के लोग खुद जानते हैं क्योंकि जब जेडीयू और आरजेडी के गठबंधन से 2015 में सरकार बनी थी तब गली गली में लोग कह रहें थे कि तेजस्वी यादव को उपमुख्यमंत्री बनाया गया जो 9 वीं फेल हैं।

## आइजोल को आजादी के 75 साल बाद ट्रेन की मिलेगी सौगात

**विनोद कुमार सिंह**

रेलवे के इस नवनिर्मित नए रूट में मिजोरम के अन्दर बैराबी, कुर्तिकी, कावंपुई, मुलखांग और सायरांग जैसे स्टेशन शामिल हैं। इस प्रोजेक्ट को 2008 में शुरू किया जाना था,लेकिन इसे असली रफ्तार स 2014 में केन्द्र में मोदी सरकार आने के बाद मिली थी। मोदीने प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी गई थी। इसमें करीब 5,022 करोड़ रुपयों की लागत से बने इस परियोजना में चार प्रमुख रेलवें स्टेशन शामिल हैं तथा पुल नंबर 144,जो मूलखांग और सायरांग के बीच बना है। यानी दिल्ली के कुतुब मीनार से भी 42 मीटर ऊँचा है। मिजोरम भारत के तीन ईसाई बहुल राज्यों में से एक है, जहाँ 87% से अधिक आबादी ईसाई,बौद्ध धर्म (8.51%), हिंदू (2.75%) व इस्लाम(1.35%) भी मौजूद हैं। स्थानीय संस्कृति और खानपानयहाँ की मिजो संस्कृति को सरलता और प्रकृति के प्रति प्रेम की मिसाल माना जाता है। मिजोरम का मुख्य भोजन चावल मांस,मछली और सब्जियों के साथ खाया जाता है। यहाँ आप को जगह जगह बास के कोमल कोपल (स्पेदअंकुर), जंगली मशरूम और स्थानीय जड़ी-बूटियां यहां के व्यंजनों की खास पहचान है। यहाँ के निवासी की वेशभुषा,संस्कृति व उत्सव व जीवन शैली की विशेष पहचान है। आजादी के 75 साल बाद ट्रेन की सौगात जल्दी ही मिलने जा रही है। बैराबी-सायरांग रेलवे प्रोजेक्ट अब पूरी तरह से तैयार है। रेलवे की 51.38 किलोमीटर लंबी नई रेल लाइन के जरिए अब मिजोरम की राजधानी आइजोल को देश के अन्य हिस्सों से जोड़ दिया गया है। रेलवे की यह बन कर तैयार है। वह सु:खद पल जल्द ही मिजोरम के लोगों को यह क्षण का बर्षो से इंतजार था। रेलवे अधिकारी के अनुसार,ट्रेनें इस ट्रैक पर 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेंगी व रेलवे का नेटवर्क आने वाले वर्षों में इस नेटवर्क को म्यांमार बॉर्डर जो यहाँ से लगभग 232 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। फिलहाल इस परियोजना का सर्वक्षण कार्य चल रही है। रेलवे के इस नवनिर्मित नए रूट में मिजोरम के भीतर बैराबी, कुर्तिकी, कावंपुई, मुलखांग और सायरांग जैसे स्टेशन शामिल हैं। इस प्रोजेक्ट को 2008 में शुरू किया जाना था, लेकिन इसे असली रफ्तार स 2014 में केन्द्र में मोदी सरकार आने के बाद मिली थी। मोदीने प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी गई थी। इसमें करीब 5,022 करोड़ रुपयों की लागत से बने इस परियोजना में चार प्रमुख रेलवें स्टेशन शामिल हैं तथा पुल नंबर 144,जो मूलखांग और सायरांग के बीच बना है। यानी दिल्ली के कुतुब मीनार से भी 42 मीटर ऊँचा है। रेलवे के परियोजना के प्रमुख इंजीनियर विनोद कुमार के अनुसार, इस परियोजना में कुल 154 छोटे-बड़े पुल समेत 48 टनल का निर्माण ऐसी तकनीकों से डिजाइन किया गया है कि जिससे यह कम से कम 100 साल तक बिना किसी परेशानी और खराबी के चलाए जा सके। यह क्षेत्र अर्थक्केक जोन 5 में आता है, मगर आई आई टी कानपुर और आई आई टी गुवाहाटी की मदद से इस रेल लाइन को तकनीकी रूप से बेहद मजबूत और टिकाऊ बनाया गया है। आपके मन में मिजोरम व आइजोल के बारे में जिज्ञासा होगी। मै स्पष्ट कर दूँ कि आइज़ोल की स्थापना सन 1890 में ब्रिटिश शासन के दौरान हुई थी। लुशाई पहाड़ियों में स्थानीय सरदारों को अंग्रेजों द्वारा पराजित करने के बाद, इसकी शुरुआत एक छोटी सैन्य चौकी के रूप में हुई थी तथा ईसाई मिशनरियों की स्थापना के साथ शाथ शिक्षा व स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की शुरुआत हुई,कालान्तर इस शहर का विकास हुआ। सन 1960 के दशक में मिज़ो नेशनल फ्रंट के विद्रोह में भी इसने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वर्षों की अशांति के बाद,सन1986 के मिज़ोरम शांति समझौते के साथ यहाँ शांति स्थापित हुई। मिजोरम की भौगोलिक वसांस्कृतिक,साथ यह स्थान सामरिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण है। पुरवोत्तर का यह प्रदेश बांग्लादेश और म्यांमार से अर्न्तराष्ट्रीय सीमाएं से सटी हुई है।

## खास बात

### जेल नहीं अस्पताल जाएंगे, बापू आसाराम

उम्र कैद की सजा काट रहे बापू आसाराम इन दिनों पेरोल पर बाहर हैं। शुक्रवार को वह अहमदाबाद से लौटकर इंदौर आए हैं। इंदौर में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में उनकी जांच हुई है। 86 साल की उम्र में बापू का हार्ट कमजोर है। दिल की धमनियों में ब्लाकेज हैं। डॉक्टर ने उन्हें तनाव मुक्त रहने और खानपान सुधारने की सलाह दी है। उनकी एंजियोग्राफी पहले भी हो चुकी है। बापू की सांस फूल रही है। सीने में दर्द बना रहता है। ऐसी स्थिति में लगता है, बापू को अस्पताल में भर्ती करना पड़ेगा। बीमारी के कारण उनका पैरोल बढ़ना तय है।

### नौकरी देने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 16वें रोजगार मेला का उद्घाटन किया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 51000 युवाओं को जाब पत्र देकर सरकारी नौकरी में लगाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह 2 दिन पहले ही पांच देशों की यात्रा करके लौटे हैं। आते ही उन्होंने बेरोजगारों को नौकरी देने का काम किया है। 2022 से रोजगार मेले में ही प्रधानमंत्री युवाओं को नौकरी का पत्र दे रहे हैं। देश के सभी राज्यों के बेरोजगारों को नौकरी देने का काम प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कर रहे हैं। रोजगार मेले के जरिए जो नौकरी बंटती हैं। उसके लिए ना कोई परीक्षा होती है, रोजगार मेले के लिए नौकरी देने के लिए युवाओं का चयन कर लिया जाता है। प्रधानमंत्री के हाथों जाब लेटर का बंटवा दिया जाता है। जिसके कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि नौकरी देने वाले प्रधानमंत्री के रूप में बन गई है। पिछले 3 साल से प्रधानमंत्री नौकरी देने का काम कर रहे हैं। 9 लाख से अधिक युवाओं को नौकरी दे दी गई। लेकिन चयन प्रक्रिया को लेकर कोई सवाल नहीं पूछता है।

### जज साहब पूछ रहे हैं, कहां है जले हुए नोट?

इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग लाने की तैयारी शुरू हो गई है। सांसदों ने हस्ताक्षर करना शुरू कर दिए हैं। जज साहब कह रहे हैं, यदि मेरे घर पर नोट मिले हैं, जले हैं, उसके बारे में कम से कम मुझे तो बता दिया जाए। कहीं रिपोर्ट दर्ज नही है, नाही जले और साबूत नोट किसी एजेंसी ने जप्त किए हैं। मुझे कोई सूचना किसी एजेंसी द्वारा नहीं दी गई। जज साहब के सवालों का जवाब नातो सरकार दे रही है,नाही कोई जांच एजेंसी दे रही है। जज साहब को अब पता लगा है। सरकार और जांच एजेंसी कैसे काम करती हैं। जब अपने ऊपर पड़ी तब उन्हें समझ आया।

### कौन सच्चा कौन झूठा, अब इसकी बहस

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने दावा किया है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत को कोई भी नुकसान नहीं हुआ है। उन्होंने चुनौती दी है, नुकसान का कोई फोटो नहीं दे सकता है। क्योंकि कोई नुकसान नहीं हुआ है। चीफ ऑफ़ डिफेंस स्टाफ अनिल चौहान पहले ही नुकसान के बारे में बता चुके हैं। कैप्टन शिव कुमार ने जकार्ता में ऑपरेशन सिंदूर में हुए नुकसान के बारे में जानकारी दी है। तीनों ही भारत सरकार के मुलाजिम है। तीनों ही उच्च पदों पर बैठे हुए हैं। अब इनमें कौन सच्चा,और कौन झूठा है। इसको लेकर एक नई बहस शुरू हो गई है। इस विवाद में सरकार की ही किरकिरी हो रही है।

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, श्रावण कृष्ण पक्ष, वर्षा ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे तिथी, पंचमी, मंगलवासरे, शतभिषा नक्षत्रे, सौभाग्य योगे, कौलव करणे, मौना पंचमी, व्यापार तथा उग्रकर्म मुर्हूत तथापि पश्चिम दिशा की यात्रा शुभ उत्तम तथा फलदायी होगी।

आज जन्म लिए बालक का फल: आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, कम्प्यूटर इंजीनियर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, बैंक कर्मचारी, अकाउंटेंट, लोकपाल तथा लेखापाल, प्रबंधक, मार्वेसर्टिंग मैनेजर, उत्तम कार्यकर्ता, प्रबंधकीय कार्य में निपुर्ण लेखक-कवि, पत्रकार होगा।

**मेष राशि**- हर्ष, लाभ, सुख, पदोन्नति के योग हैं, वायु विकार, दाम्पत्य जीवन सरल-सुखी रहेगा।

**वृष राशि**- वाहन सुख, विद्या कष्ट, राजभय, आर्थिक हानि, विशेष हानि तथा विरोध होगा।

**मिथुन राशि**- लाभ के योग बनेंगे, सुयश, कार्य सिद्धी, शत्रुभय, राज-काज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**कर्क राशि**- कार्य सिद्धी, लाभ, धन व्यय, हर्ष, धार्मिक एवं शुभ कार्यों में सावधानी अवश्य रखें।

**सिंह राशि**- शत्रु भय, कलह, लाभ एवं सुयश की प्राप्ति, सामाजिक कार्यों में प्रतिष्ठा मिलेगी।

**कन्या राशि**- थोड़ा लाभ, शुभ समाचार की प्राप्ति होगी, प्रबलता के योग बनेंगे, विवाद होगा।

**तुला राशि**- हर्ष, पदोन्नति के योग, रुके कार्य प्रयास से बनेंगे, कार्यों में सुधार होगा ध्यान दें।

**वृश्चिक राशि**- संतान सुख, यात्रा लाभ, शत्रु हानि, अच्छे कार्यों में सुधार होगा, समय का ध्यान रखें।

**धनु राशि**- व्यर्थ चिन्ता से मन परेशान रहेगा, अचानक लाभ के योग बनेंगे, उद्योग-व्यापार में लाभ।

**मकर राशि**- सफलता प्राप्ति के योग बनेंगे, भय से मन उद्विघ्न रहेगा, मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ राशि**- सुख, यात्रा भय, यश प्राप्ति, मित्रों का सहयोग मिलेगा, लाभप्रद स्थिति से हर्ष होगा।

**मीन राशि**- इष्ट मित्रों सहायक रहेंगे, कार्यगति में अनुकूलता आयेगी, कार्य समय पर करें।

**डॉ. पीएल गौतमाचार्य**

## दैनिक पंचांग

**15 जुलाई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 05.34 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | सिंह | 07.50 बजे से |
| मंगल | सिंह में | कन्या | 10.02 बजे से |
| बुध | कर्क में | तुला | 12.12 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृश्चिक | 14.27 ब.से |
| शुक्र | वृष में | धनु | 16.43 बजे से |
| शनि | मीन में | मकर | 18.48 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कुंभ | 20.35 बजे से |
| केतु | सिंह में | मीन | 22.08 बजे से |
| राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक | | मेष | 23.38 बजे से |
| | | वृष | 01.18 बजे से |
| | | मिथुन | 03.16 बजे से |

**मंगलवार** 2025 वर्ष का 196 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** श्रावण (दक्षिण भारत में आषाढ) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** पंचमी 22.40 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** शतभिषा 06.27 बजे को समाप्त।
**योग** सौभाग्य 14.12 बजे को समाप्त।
**करण** कौलव 11.22 बजे तदनन्तर तैतिल 22.40 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 19.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 21° 31'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872406
**जूलियन दिन** 2460871.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** मोहर्रम **तारीख** 19
**विशेष** मंगला गौरी व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■Jagrutidaur.com, Bangalore

# कांवड़ मेला : हरिद्वार में 4 दिनों में 60 लाख शिवभक्तों ने भरा गंगाजल



हरिद्वार ■ एजेंसी

हरिद्वार में श्रावण मास के विश्वप्रसिद्ध कांवड़ मेले को शुरू हुए चार दिन बीत चुके हैं। प्रशासन ने शुरुआती चार दिनों में करीब 60 लाख कांवड़ियों के हरिद्वार पहुंचने का दावा किया है।

हरिद्वार शिव भक्तों से पूरी तरह भगवामय में हो गया है। सावन के पहले सोमवार को चारों तरफ कांवड़िए ही कांवड़िए नजर आए। पुलिस प्रशासन द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार आज सोमवार को शाम 6ः00 बजे तक 25 लाख कांवड़ियों ने हरिद्वार से गंगाजल भर कर अपने अभीष्ट शिवालयों के लिए प्रस्थान किया।

पुलिस प्रशासन की ओर से कांवड़ मेले के नोडल अधिकारी एसपी सिटी पंकज गैराला ने दावा किया कि कावड़ मेला शुरू होने के बाद से आज शाम तक 50 लाख 90 हजार कांवड़िए जल भरकर अपने गंतव्यों को रवाना हो चुके हैं। पुलिस प्रशासन द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार आज गंगा में डूब रहे 19 कांवड़ियों में से 18 को एसडीआरएफ की टीम ने सकुशल रेस्क्यू किया, जबकि एक कांवड़िया लापता है। सोमवार को खोए हुए 24 लोगों में से 17 को पुलिस ने ढूंढ कर परिजनों से मिलाया। कांवड़ियों की भारी भीड़ के बावजूद हरिद्वार जनपद में यातायात व्यवस्था सामान्य रही।

### एक युग की चिकित्सा परंपरा और राष्ट्र सेवा की प्रेरणा का प्रतीक है केजीएमयू : मुख्यमंत्री

# योगी ने 941 करोड़ की परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

लखनऊ ■ एजेंसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लखनऊ स्थित किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) परिसर में 941 करोड़ की लागत से निर्मित 7 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने वॉर्ड में जाकर मरीजों का हालचाल लिया और डॉक्टरों से संवाद कर भावी स्वास्थ्य विस्तार की योजनाओं पर भी चर्चा की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यह सिर्फ एक संस्थान नहीं, बल्कि एक युग की चिकित्सा परंपरा और राष्ट्र सेवा की प्रेरणा का प्रतीक है। 120 वर्ष की अपनी इस शानदार यात्रा में केजीएमयू ने अनेक मील के पत्थर गढ़े हैं। यह यात्रा सामान्य नहीं रही। इसने पिछली सदी की महामारी से लेकर कोविड-19 जैसी वैश्विक त्रासदी का मुकाबला कर प्रदेश और देश का मार्गदर्शन किया।

मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि यह संस्थान महामारी काल में अग्रणी रहा, चिकित्सा शिक्षा के विस्तार में सहायक बना और अब टेक्नोलॉजी के साथ भविष्य के लिए तैयार हो रहा है। आज जब 941 करोड़ की परियोजनाएं धरातल पर उतर रही हैं, तो यह महज निर्माण नहीं, बल्कि स्वस्थ उत्तर प्रदेश, समर्थ भारत की दिशा में एक नए युग की



शुरुआत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब कोविड-19 का प्रकोप प्रारंभ हुआ था, उस समय केजीएमयू प्रदेश का पहला संस्थान था, जहां कोविड जांच की सुविधा शुरू की गई। पहले 100 कोविड संदिग्ध मरीजों की जांच यहीं से प्रारंभ हुई थी। इसी साहसिक और त्वरित पहल से यूपी ने समय रहते महामारी से मुकाबले की रणनीति विकसित की। मुख्यमंत्री ने आज यहां ऑर्थोपेडिक सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक और न्यू कार्डियोलॉजी विंग का लोकार्पण किया।

साथ ही पांच सौ बेड वाले ट्रॉमा सेंटर, जनरल सर्जरी विभाग के नवीन भवन, प्रशासनिक परिसर और पेशेंट यूटिलिटी कॉम्प्लेक्स का शिलान्यास किया। योगी ने कहा कि यह अपने आप में किसी भी चिकित्सा संस्थान के लिए बड़ी उपलब्धि है। एक साथ करीब एक हजार करोड़ की लागत से परियोजनाएं शुरू होना इस बात का प्रमाण है कि डबल इंजन की सरकार प्रदेश के स्वास्थ्य ढांचे को विश्वस्तरीय बनाने के लिए कितनी गंभीर हैं।

बदलते भारत के साथ उत्तर प्रदेश में आई चिकित्सा क्रांतिमुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत ने हर क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की है। स्वास्थ्य क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं है। देश में एम्स जैसी संस्थाएं जो कभी गिनी-चुनी थीं, आज उनकी संख्या 23 हो गई है। उत्तर प्रदेश भी पीछे नहीं है, 75 जिलों में 75 मेडिकल कॉलेज की परिकल्पना अब साकार हो रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि 2024 में ही 17 नए मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की पढ़ाई शुरू हुई है, जिनमें से 13 शासकीय हैं।

बलरामपुर में स्थापित हो रहा है केजीएमयू का सेटेलाइट केंद्रमुख्यमंत्री ने बताया कि बलरामपुर में केजीएमयू का सेटेलाइट सेंटर स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि महानगरीय चिकित्सा सेवाएं छोटे शहरों तक पहुंचे। इससे लखनऊ स्थित स्वास्थ्य संस्थानों पर दबाव कम होगा और मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही उपचार मिल सकेगा। मुख्यमंत्री ने आईआईटी कानपुर के साथ मेडिकल टेक्नोलॉजी पर केंद्रित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की पहल की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास हैं कि केजीएमयू और एसजीपीजीआई इस सेंटर से जुड़कर नई रिसर्च करें और भारत को हेल्थ टेक्नोलॉजी में आत्मनिर्भर बनाएं। इन परियोजनाओं का हुआ लोकार्पण व शिलान्यासमुख्यमंत्री योगी ने केजीएमयू में 105 करोड़ की लागत से न्यू कॉर्डियोलॉजी विंग की शुरुआत की। वहीं 375 करोड़ की लागत से जनरल सर्जरी विभाग का 6 मंजिला नवीन भवन, 7 मंजिला ट्रॉमा सेंटर विस्तार एवं पेशेंट यूटिलिटी कॉम्प्लेक्स, सेंटर फॉर ऑर्थोपेडिक सुपरस्पेशियलिटी, डायग्रोस्टिक लैब एवं पेशेंट रिलेटिव एकमोडेशन फैसिलिटी ब्लॉक, नवीन प्रशासनिक भवन, न्यू गेस्ट हाउस का विस्तार का लोकार्पण व शिलान्यास किया।

## संक्षिप्त समाचार

### एमपी हाईकोर्ट के नए चीफ जस्टिस बने संजीव सचदेवा



**जबलपुर।** जस्टिस संजीव सचदेवा मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के नए चीफ जस्टिस बनाए गए हैं। सोमवार को केंद्र सरकार ने उनकी नियुक्ति को लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। जस्टिस संजीव सचदेवा को 24 मई 2025 को एक्टिंग चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया था। वे तत्कालीन चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत के रिटायरमेंट के बाद से चीफ जस्टिस का दायित्व संभाल रहे हैं। इससे पहले भी वे 9 जुलाई 2024 से 24 सितंबर 2024 तक प्रदेश के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश का दायित्व संभाल चुके हैं। 30 मई 2024 को जस्टिस संजीव सचदेवा का दिल्ली हाईकोर्ट से मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में ट्रांसफर हुआ था। इसके साथ ही केंद्र सरकार ने मध्यप्रदेश हाइकोर्ट को एक और जज दिया है। जस्टिस विवेक कुमार सिंह की मध्यप्रदेश में नियुक्ति की गई है। वे अभी मद्रास हाईकोर्ट में हैं, जिनका ट्रांसफर जबलपुर किया गया है। अब मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में जजों की संख्या बढ़कर 34 हो गई हैं।


### ओली सरकार से समर्थन वापस लेने के बाद नागरिक उन्मुक्ति पार्टी के सांसद का इस्तीफा

**काठमांडू।** प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली सरकार से समर्थन वापस लेने वाली नागरिक उन्मुक्ति पार्टी के सांसद अरुण कुमार चौधरी ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। उनका त्यागपत्र अभी तक स्वीकार नहीं किया गया है। नागरिक उन्मुक्ति पार्टी ने एक हफ्ते पहले ओली सरकार से समर्थन वापस ले लिया था। इसी के साथ पार्टी की तरफ से सरकार में सहभागी नागरिक उड्डयन तथा पर्यटन राज्यमंत्री अरुण कुमार चौधरी ने भी अपना इस्तीफा प्रधानमंत्री को सौंप दिया था। चौधरी ने कहा है कि उन्होंने पांच दिन पहले इस्तीफा प्रधानमंत्री को सौंप दिया था। प्रधानमंत्री ने इस्तीफा मंजूर नहीं किया है। उन्होंने सरकारी गाड़ी और सुरक्षा गार्ड भी वापस कर दिए हैं। नागरिक उन्मुक्ति पार्टी के पास चार सांसद हैं। पांच सांसदों वाले जनता समाजवादी पार्टी नेपाल ने भी ओली सरकार से समर्थन वापस ले लिया है। दोनों दलों के समर्थन वापस लेने के बावजूद प्रतिनिधि सभा में सरकार बहुमत में है। लेकिन राष्ट्रीय सभा में सरकार अल्पमत में आ गई है।

# जयशंकर पहुंचे बीजिंग, चीन के उपराष्ट्रपति हान झेंग से मिले

बीजिंग ■ एजेंसी

भारत के विदेशमंत्री डॉ. एस. जयशंकर चीन की राजधानी बीजिंग पहुंच चुके हैं। बीजिंग पहुंचने के फौरन बाद उनकी मुलाकात चीन के उपराष्ट्रपति हान झेंग से हुई। जयशंकर ने एक्स पोस्ट पर मुलाकात का फोटो अपलोड करते हुए लिखा, बीजिंग पहुंचने के तुरंत बाद उपराष्ट्रपति हान झेंग से मिलकर मुझे खुशी हुई। चीन की एससीओ अध्यक्षता के लिए भारत का समर्थन व्यक्त किया।



विदेशमंत्री जयशंकर ने लिखा कि इस मुलाकात में द्विपक्षीय संबंधों में सुधार पर ध्यान दिया गया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनकी इस यात्रा से सकारात्मक नजरिया विकसित होगा। सिंगापुर से बीजिंग पहुंचने से पहले उन्होंने वहां के उप प्रधानमंत्री गैन किम योंग से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि उन्हें तीसरे भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन का बेसब्री से इंतजार है। जयशंकर ने कहा कि सिंगापुर के साथ विभिन्न द्विपक्षीय पहलों में लगातार प्रगति हो रही है।

इससे पहले, जयशंकर ने अपने समकक्ष विवियन बालाकृष्णन से मुलाकात की। जयशंकर ने कहा कि सिंगापुर हमारी एक्ट ईस्ट नीति के केंद्र में है। बैठक के बारे में एक्स पोस्ट में बालाकृष्णन ने कहा, जैसे-जैसे विश्व बहुध्रुवीयता की ओर अग्रसर हो रहा है, भारत अवसर के इन प्रमुख ध्रुवों में से एक के रूप में तेजी से महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उल्लेखनीय है कि चीन की यात्रा के दौरान विदेशमंत्री जयशंकर तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सम्मेलन में हिस्सा लेंगे।

### मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से की शिष्टाचार भेंट



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट कर उत्तराखण्ड के विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा किया।

# पंजाब विधानसभा में पवित्र ग्रंथों की बेअदबी रोकने के लिए विधेयक पेश

चंडीगढ़ ■ एजेंसी

पंजाब में करीब एक दशक से हो रही धार्मिक ग्रंथों की बेअदबी की घटनाओं को लेकर राज्य सरकार ने सोमवार को विधानसभा में 'पंजाब पवित्र ग्रंथों के खिलाफ अपराध रोकथाम विधेयक-2025' पेश कर दिया है। इस विधेयक पर मंगलवार को विधानसभा में चर्चा होगी। इस विधेयक में धार्मिक ग्रंथों और स्थलों की बेअदबी करने वालों को उम्रकैद की सजा देने का प्रावधान किया गया है।

सोमवार को विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस विधेयक को मंजूरी दी गई। सोमवार को बाद दोपहर दो बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद बाढ़ की संभावित स्थिति तथा पानी के कुदरती स्रोत को लेकर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव सदन में पेश



किया गया। इस प्रस्ताव पर चर्चा के बाद स्पीकर कुलतार सिंह संधवा ने एक घंटे के लिए सदन की कार्यवाही को स्थगित करके अपने चैंबर में ऑल पार्टी बैठक बुलाई। इस बैठक में नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा के अलावा भाजपा के विधायक अश्वनी शर्मा, अकाली दल व बसपा के विधायक भी शामिल हुए।

बैठक के बाद सदन में दोबारा कार्यवाही शुरू होने पर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने विधानसभा में पूर्व समय के दौरान हुई बेअदबी की घटनाओं का जिक्र करते हुए 'पंजाब पवित्र ग्रंथों के खिलाफ अपराध रोकथाम विधेयक-2025' सदन में पेश किया। स्पीकर कुलतार सिंह संधवा ने इस विधेयक पर बहस के लिए विधायकों की संख्या के आधार पर आम आदमी पार्टी एक घंटा 35 मिनट, कांग्रेस 16 मिनट, शिरोमणि अकाली दल तीन मिनट, भाजपा, बसपा तथा निर्दलीय विधायक दो-दो मिनट बोलने का समय निश्चित किया है।

बहस शुरू होने से पहले नेता प्रतिपक्ष प्रताप बाजवा ने कहा कि नियमानुसार किसी भी विधेयक की प्रति 48 घंटे पहले दी जानी चाहिए। यह विधेयक आज ही मंत्रिमंडल में पारित किया गया है और आज ही सदन में आ गया है। इसका ड्राफ्ट महज 15 मिनट पहले मिला है। ऐसे में विधायक अपनी बात नहीं रख पाएंगे। बाजवा ने इस विधेयक की गंभीरता का हवाला देते हुए कहा कि मंगलवार को सदन की कार्यवाही के दौरान इस पर चर्चा की जाए।

# अमेरिका में खालिस्तानियों के पास मिला अवैध हथियारों का जखीरा, जांच में जुटी पुलिस

वॉशिंगटन ■ एजेंसी

अमेरिका में रह रहे खालिस्तानी अब वहां की कानून व्यवस्था के लिए चुनौती खड़ी कर रहे हैं। आए दिन धार्मिक स्थलों पर तोड़फोड़ और भारत विरोधी गतिविधियों के चलते कई बार स्थानीय लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। खालिस्तानियों की अवैध गतिविधियों की सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर आधा दर्जन से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है और तलाशी में भारी मात्रा में अवैध हथियार मिले हैं।



अभियान में सैन जोकिन काउंटी शेरिफ कार्यालय ने स्टॉकटन पुलिस विभाग स्वाट, मैनटेका पुलिस विभाग स्वाट, स्टैनिस्लॉस काउंटी शेरिफ स्वाट और एफबीआई स्वाट टीम के साथ मिलकर कई अवैध हथियार जब्त किए। इनमें 5 हैंडगन, एक असॉल्ट राइफल, सैकड़ों गोलियां, हाई-कैपेसिटी मैगजीन और 15,000 डॉलर (लगभग 13 लाख रुपये) से अधिक नकदी शामिल है। गिरफ्तार व्यक्तियों पर अपहरण, यातना, गैरकानूनी कारावास, सेमी-ऑटोमैटिक हथियार से हमला, आपराधिक साजिश और गैंग एक्ट के तहत उल्लंघन जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। मशीन गन, असॉल्ट हथियार और हाई-कैपेसिटी मैगजीन के अवैध कब्जे के आरोप भी शामिल हैं। अमेरिका में संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) और दूसरी टीमों ने खालिस्तानी आतंकी नेटवर्क से जुड़े 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें भारत में वांछित और प्रतिबंधित आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल का प्रमुख सदस्य पवित्तर सिंह बटाला भी शामिल है। सैन जोकिन काउंटी शेरिफ कार्यालय ने एक्स पर पोस्ट में गिरफ्तार लोगों के नाम जारी किए, जिनमें दिलप्रीत सिंह, अर्शप्रीत सिंह, अमृतपाल सिंह, विशाल, पवित्तर सिंह बटाला, गुरताज सिंह, मनप्रीत रंधावा और सरबजीत सिंह शामिल हैं। शेरिफ ऑफिस ने गिरफ्तारी का वीडियो भी साझा किया, जिसमें बटाला को मुख्य संदिग्ध बताया गया।



**बीजिंग।** चीन के हुनान प्रांत से एक अनोखा और चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक बेटे ने अपनी 70 वर्षीय जीवित मां को ताबूत में बैठाकर मोहल्ले में शोभायात्रा निकाली। इस जुलूस में गाजे-बाजे और पारंपरिक धुनों के साथ 16 लोगों ने ताबूत को उठाया और पूरे मोहल्ले का चक्कर लगाया। पहली नजर में यह अजीब लगने वाली घटना दरअसल चीनी सांस्कृतिक मान्यताओं से जुड़ी है। इस मामले में बेटे का कहना था कि ऐसा करने से उसकी मां को अच्छी किस्मत, लंबी उम्र और शांति का आशीर्वाद मिलेगा। वहीं इस आयोजन में शामिल हुए एक स्थानीय व्यक्ति ने कहा कि चीनी संस्कृति में ताबूतों को अशुभ नहीं, बल्कि शुभ माना जाता है।

### *वैज्ञानिकों की चेतावनी पश्चिमी तट के ज्यादातर हिस्से हो जाएंगे तबाह*

# *अमेरिका में आएगा विनाशकारी भूकंप 100 फीट ऊंची उठेगी सुनामी!*

*वॉशिंगटन ■ एजेंसी*

*अमेरिका के ऊपर बहुत बड़ा खतरा मंडरा रहा है। यह खतरा किसी देश या आतंकवादी संगठन से नहीं, बल्कि प्राकृतिक है। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि निकट भविष्य में अमेरिका में सुनामी आ सकती है। एक अध्ययन में पाया गया है कि अमेरिका के कैस्केडिया सबडक्शन जोन में साल 2100 तक एक विनाशकारी भूकंप आना तय है। आने वाले 50 सालों में कभी यह आ सकता है, जिसकी 37 फीसदी संभावना है।*



*मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वैज्ञानिकों ने 100 फीट ऊंची सुनामी आने की चेतावनी दी है जो पश्चिमी तट के अधिकांश हिस्से को तबाह कर देगी। कैस्केडिया सबडक्शन जोन उत्तरी अमेरिका के पश्चिमी तट से करीब 1100 किलोमीटर लंबी भ्रंश रेखा है, जहां टेक्टोनिक प्लेट, हुआन डे फूका प्लेट, दूसरी टेक्टोनिक प्लेट, उत्तरी अमेरिकी प्लेट के नीचे खिसकती है। यह कनाडा के उत्तरी वैंकूवर द्वीप से लेकर अमेरिका के पश्चिमी तट के दक्षिणी आधे हिस्से तक फैली है, जो वॉशिंगटन, ओरेगन और कैलिफोर्निया के तटों के साथ-साथ चलती है।*

*वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि अगर 8.0 से 9.0 तीव्रता का भूकंप आया तो 100 फीट ऊंची सुनाती लहरें उठेंगी, जो पश्चिमी तट के अधिकांश हिस्से को तबाह कर देंगी। इसके तटरेखा तुरंत करीब 8 फीट नीचे धंस जाएगी। अनुमान है कि अकेले सीएसजे भूकंप से 5800 मौतें होंगी। वहीं, इसके चलते आने वाली सुनामी के कारण 8000 और लोग मारे जाएंगे। शोधकर्ताओं की अंतरराष्ट्रीय टीम ने कहा कि बढ़ते समुद्र स्तर के कारण ये भविष्यवाणियां समय के साथ और भी बदतर होती जाएंगी।*

*स्टडी की प्रोफेसर ने कहा कि यह निश्चित रूप से अमेरिका के लिए बहुत ही विनाशकारी घटना होगी।*

*स्टडी में साल 2100 तक जलवायु परिवर्तन के कारण समुद्र का स्तर दो फीट तक बढ़ने का अनुमान है। अगर कैस्केडिया सबडक्शन जोन में तब तक कोई और बड़ा भूकंप नहीं आता है, तो बढ़े जलस्तर के कारण संभवतः इससे होने वाली तबाही और बाढ़ 2025 में होने वाली क्षति से भी ज्यादा बढ़ जाएगी।*



# बीटेक के बाद केवल प्राइवेट ही नहीं सरकारी नौकरी के भी मौके

**बीटेक यानी बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी देश का सबसे लोकप्रिय अंडर ग्रेजुएट कोर्स है जिसे हर साल स्टूडेंट द्वारा अपने करियर का हिस्सा बनाया जाता है। चार साल के इस कोर्स को इंजीनियरिंग के क्षेत्र का प्रवेश द्वार माना जाता है। इस कोर्स के बाद भविष्य में छात्रों को कई अवसर मिलते हैं ये अवसर नौकरी के क्षेत्र में तो मिलते ही हैं साथ ही हायर एजुकेशन के लिए भी यह एक बेहतर ऑप्शन है। आइए विस्तार से चर्चा कर लेते हैं कि बीटेक करने के बाद आप किस तरह अपना करियर बना सकते हैं।**

## हायर एजुकेशन

बीटेक करने के बाद छात्र आगे की पढ़ाई कर सकते हैं जहां वे एम.टेक या एमई के लिए जाना है, जो दोनों भारत में इंजीनियरिंग कॉलेजों द्वारा पेश किए जाने वाले पोस्टग्रेजुएट स्तर के प्रोफेशनल डिग्री प्रोग्राम हैं। एम.टेक का मतलब मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी है, जबकि एमई का मतलब मास्टर ऑफ इंजीनियरिंग है। भारत में टॉप इंजीनियरिंग कॉलेजों जैसे आईआईटी और एनआईटी द्वारा पेश किए गए एमटेक प्रोग्रामों में चयनित होने के लिए छात्रों को इंजीनियरिंग में गेट ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट के लिए उपस्थित होना पड़ता है।

## एमबीए

बीटेक के बाद छात्रों के लिए सबसे पसंदीदा ऑप्शन एमबीए है। इंजीनियरिंग ग्रेजुएट आमतौर पर कार्य अनुभव हासिल करने के लिए कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से नौकरी करने का विकल्प चुनते हैं और वे कुछ वर्षों के बाद MBA/PGDM प्रोग्राम को अपना लेते हैं। टॉप MBA कॉलेजों में शामिल होने के लिए छात्रों को CAT और CMAT जैसे लोकप्रिय एमबीए एंट्रेंस एग्जाम में शामिल होना होता है।

## कैंपस प्लेसमेंट

आमतौर पर कॉलेजों में प्लेसमेंट के जरिए छात्रों का चयन होता है। देश की अलग-अलग कंपनियां कॉलेजों में आकर छात्रों को नौकरी के लिए चुनते हैं। बीटेक के बाद, छात्रों को प्राइवेट कंपनियों द्वारा तकनीकी क्षेत्रों में एंट्री लेवल की नौकरी की भूमिकाओं के लिए काम पर रखा जाता है। आम तौर पर हायर एजुकेशन की इच्छा रखने वाले छात्र अपने फील्ड में अनुभव लेने के लिए कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से नौकरी लेते हैं।

## प्राइवेट कंपनियां


जो छात्र कैंपस प्लेसमेंट का विकल्प नहीं चुनना चाहते हैं वे अपना बीट्रेक प्रोग्राम पूरा करने के बाद नौकरी के लिए विभिन्न प्राइवेट कंपनियों में भी नौकरी के लिए अप्लाई कर सकते हैं। एंट्री लेवल की तकनीकी भूमिकाओं में निजी कंपनियों में शामिल होने के बाद छात्र कॉरपोरेट वर्ल्ड में अपने पैर जमा कर एक्सपीरियंस ले सकते हैं और आगे बढ़ सकते हैं।

## इंजीनियरिंग सर्विस एग्जाम

इंजीनियरिंग सर्विस एग्जाम यूपीएससी द्वारा आयोजित एक नेशनल लेवल का एग्जाम है। जो छात्र बीटेक की पढ़ाई के बाद डिफेंस, पीडब्ल्यूडी, रेलवे आदि की परीक्षा में भाग लेना चाहते हैं उनके लिए यह एक बेहतर ऑप्शन है।

## पीएसयू नौकरियां

बीट्रेक करने के बाद छात्र इंजीनियरिंग के लिए गेट यानी ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट के माध्यम से सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में तकनीकी नौकरी भी कर सकते हैं। कई पीएसयू के छात्रों को उनके गेट स्कोर के आधार पर एंट्री लेवल की नौकरियों के लिए नियुक्त करते हैं। कुछ पीएसयू जैसे सीआईआई, इसरो और बीएआरसी भी एंट्री लेवल की नौकरियों के लिए बीट्रेक छात्रों की स्क्रीनिंग के लिए अपनी परीक्षा आयोजित करते हैं।





# सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन में कैसे शुरू करें कॅरियर और क्या है इसके लिए आवश्यक कौशल

**सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन या एसईओ एक ऐसी अवधारणा है जो दो दशकों से भी कम समय से अस्तित्व में आयी है लेकिन नौकरियों की एक बड़ी तादात को पैदा किया है, जिसमें लगभग हर उद्योग में पुरुषों और महिलाओं ने अपना कॅरियर बनाया है।**

डिजिटल क्रांति ने व्यापार की दुनिया को काफी बदल दिया है, विशेष रूप से डिजिटल मार्केटिंग के क्षेत्र में और एसईओ में करियर के रूप में नए अवसर खोले हैं। मार्केटिंग के भीतर पूरे नए टूलकिट सामने आए हैं, जो कुछ दशक पहले अकल्पनीय था। एसईओ आज मार्केटिंग के उन महत्वपूर्ण कार्यों में से एक है जिसने पिछले एक दशक में एसईओ नौकरी के अवसरों की संख्या में काफी इजाफा किया है। सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन या एसईओ एक ऐसी अवधारणा है जो दो दशकों से भी कम समय से अस्तित्व में आयी है लेकिन नौकरियों की एक बड़ी तादात को पैदा किया है, जिसमें लगभग हर उद्योग में पुरुषों और महिलाओं ने अपना कॅरियर बनाया है। एसईओ एक ऐसा पेशेवर व्यक्ति होता है जो सर्च इंजन परिणामों के पीछे एल्गोरिदम को सीखने और उसमें महारत हासिल करने में माहिर होता है ताकि वे अपने ग्राहकों और कंपनियों को सर्च करने में मदद कर सकें। आजकल एसईओ पेशेवर उच्च मांग में हैं। एसईओ विशेषज्ञों को डिजिटल और सामग्री विपणन कार्यक्रमों के हिस्से के रूप में वेब डेवलपर्स द्वारा सामग्री विपणक के रूप में और कई अन्य भूमिकाओं में काम पर रखा जाता है, केवल इसलिए कि डिजिटल अभियानों को सफल बनाने के लिए कंपनियों को वेब ट्रैफिक की आवश्यकता होती है।

## क्या करता है एसईओ ?

जैसे-जैसे अधिक से अधिक व्यवसाय ऑनलाइन होते जा रहे हैं वे प्रतिदिन और भी अधिक सामग्री का उत्पादन कर रहे हैं और अपने ब्लॉग या लेख के जरिये स्टैंड करना और दृश्यता हासिल करना चुनौतीपूर्ण हो गया है, खासकर यदि आप इस क्षेत्र में नए हैं। सही विजिबिलिटी के बिना व्यवसायों के लिए अपने लक्षित दर्शकों तक पहुंचना, अपनी ब्रांड की उपस्थिति बनाना और अपनी वेबसाइट के माध्यम से विश्वास पैदा करके और एक मजबूत मूल्य प्रस्ताव पेश करके संभावनाओं को आकर्षित करना मुश्किल हो जाएगा। इसलिए एसईओ में करियर आपको ऑर्गेनिक तरीकों के माध्यम से सर्च इंजन पर ब्रांड विजिबिलिटी बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने की मांग करेगा।

एसईओ कैसे काम करता है ?

एसईओ कॅरियर के अवसरों के साथ आप मुख्य रूप से दो मूल सिद्धांतों के साथ काम करेंगे- अत्यधिक प्रासंगिक कीवर्ड-रिच कंटेंट विकसित करना और वेबसाइट और वेब पेजों के लिए गुणवत्ता वाले बैकलिंक बनाना। सर्च इंजन ने एक व्यापक सूचकांक बनाया है जो सर्च क्वेरी के लिए प्रासंगिकता के क्रम में क्रमबद्ध है। इस प्रकार जब उपयोगकर्ता एक खोज क्वेरी में प्रवेश करता है तो सर्च इंजन जल्दी से अपने सूचकांक के माध्यम से चलता है और तुरंत परिणाम देता है। प्रत्येक कीवर्ड के लिए खोजकर्ता सर्च इंजन में इनपुट करता है।

इंडेक्सेशन के लिए ये सर्च इंजन क्रॉलर पर भरोसा करते हैं और इसलिए ऐसा नाम दिया गया है क्योंकि एक स्पाइडर की तरह वे पूरी वेब डायरेक्टरी को क्रॉल करते हैं। बैकलिंक्स गूगल बॉट्स को आपकी सामग्री को शीघ्रता से खोजने में मदद करते हैं क्योंकि वे अधिक आधिकारिक साइटों पर अधिक बार क्रॉल करते हैं। साथ ही अच्छे ऑर्गेनिक बैकलिंक्स आपकी वेबसाइट के लिए विश्वास और प्रासंगिकता का एक मीट्रिक है जो उपस्थिति और रैंक को बढ़ाने में मदद करता है। इसलिए एक प्रासंगिक आधिकारिक साइट से बैकलिंक्स प्राप्त करना कॅरियर के अवसरों के आवश्यक पहलू होते हैं। इसके साथ ही केवल कुछ डोमेन के बजाय कई डोमेन से बैकलिंक प्राप्त करना आवश्यक होता है। गुणवत्ता वाले बैकलिंक आपकी रैंकिंग को त्वरित अवधि में बड़े पैमाने पर बढ़ावा दे सकते हैं और इन सभी विभिन्न आधिकारिक वेबसाइटों से बड़ी मात्रा में रेफरल ट्रैफिक भी प्रदान कर सकते हैं। इसके अलावा एक गुणवत्तापूर्ण सामग्री बनाने और उच्च-गुणवत्ता वाले बैकलिंक्स प्राप्त करने के लिए आपकी गतिविधियाँ भी समय लेने वाली और एक श्रमसाध्य कार्य हो सकती हैं। इसलिए आपको एक उचित योजना के साथ काम करने और धैर्य रखने की आवश्यकता होगी।

## किस तरह के कौशल की जरूरत होती है ?



एसईओ अधिक से अधिक जटिल होता जा रहा है क्योंकि सर्च इंजन एल्गोरिदम पर्याप्त रूप से उन्नत होते जा रहे हैं। इसलिए, एसईओ में कॅरियर आज कई कौशलों में महारत हासिल करने की मांग करता है। सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण आपको बाजार के रुझानों के साथ बने रहने के लिए एक डायनामिक लर्नर होने की आवश्यकता होती है। सर्च इंजन एक वर्ष के भीतर कई अपडेट लाते हैं और इस बात पर नजर रखना कि वे आपके व्यवसाय को कैसे प्रभावित कर सकते हैं, महत्वपूर्ण होने जा रहा है क्योंकि विभिन्न अपडेट आते रहते हैं। इसके बाद आपको मुख्य एसईओ कौशल में अपने लिए एक मजबूत नींव बनाने की जरूरत होती है। आपको डिजिटल मार्केटिंग के नट और बोल्ट को समझने और व्यावसायिक कौशल विकसित करना शुरू करने की आवश्यकता होती है। आपको नजर रखने और विश्लेषण करने की आवश्यकता है कि प्रतियोगी कैसे आगे बढ़ रहे हैं और इस पर शोध फिर से पूरी तरह से सुनिश्चित होने वाला है। इसके आलावा आपको वेब फंडामेंटल, डेटाबेस तकनीकों और विशेष रूप से फ्रंट एंड, वेबसाइट प्रबंधन के फाइल प्रबंधन पहलुओं की एक ठोस समझ होनी चाहिए। विश्लेषणात्मक कौशल अत्यधिक मूल्यवान होने जा रहे हैं। एसईओ में कॅरियर के लिए आपको अपने प्रयासों के प्रभाव और परिणाम को मापने के लिए गूगल विश्लेषिकी और गूगल सर्च कंसोल के साथ समझने और काम करने की आवश्यकता होती है। आप विविध स्रोतों से प्रतिदिन आने वाली ढेर सारी सूचनाओं के साथ काम कर रहे होंगे। इसलिए आपको न केवल इसका अर्थ निकालने के लिए विश्लेषणात्मक कौशल की आवश्यकता होगी, बल्कि जानकारी को प्राथमिकता भी देनी होगी। एसईओ में कॅरियर के लिए आपको व्यावसायिक परिदृश्य को समझने और गहन प्रतिस्पर्धा विश्लेषण करने की आवश्यकता होगी। बैकलिंक प्रोफाइल को समझने के लिए एक टैब रखें कि वे क्या बना रहे हैं, वे किस प्रकार की सामग्री पोस्ट कर रहे हैं और वे कौन सी प्रेस विज्ञप्ति कर रहे हैं।

## आप कैसे शुरुआत कर सकते हैं ?

पहले सर्च इंजन विजिबिलिटी और रैंकिंग के लिए वेबसाइट सेट करना वेबसाइट डेवलपर्स और एडमिन का डोमेन हुआ करता था। लेकिन एक अलग डोमेन और स्वतंत्र अभ्यास के रूप में एसईओ के उदय के साथ अब यह बदल गया है। यदि आप मार्केटिंग, ब्लॉगिंग, एनालिटिक्स के बारे में सीरियस हैं तो यह आपके लिए शुरुआत करने के लिए यह सही क्षेत्र है। इस अभ्यास में उत्कृष्ट विकास क्षमता है। जैसे-जैसे आप अधिक कौशल प्राप्त करते रहेंगे और अपने व्यवसाय और संचार कौशल का निर्माण करते रहेंगे, आप समय के साथ अपने आप से एक डिजिटल मार्केटिंग प्रबंधक बनने की उम्मीद कर सकते हैं। एसईओ में कॅरियर फ्रीलांसिंग स्पेस में कई अवसर भी खोलता है। यदि आप विज्ञान पृष्ठभूमि से नहीं आते हैं तो भी एसईओ कॅरियर के अवसरों में प्रवेश पाना असंभव नहीं होगा। कुछ तकनीकी अवधारणाएँ होंगी जिनमें आपको महारत हासिल करने की आवश्यकता होगी, लेकिन जब आप कोशिश करना शुरू करेंगे तो यह अंततः आपके पास आ जाएगी।





# बनना है सर्टिफाइड फिटनेस ट्रेनर तो इन बातों का हमेशा रखें ध्यान

**फिटनेस के क्षेत्र में जॉब की संभावनाएं बढ़ती जा रही हैं। युवा तो युवा, अधिक उम्र के लोग भी फिटनेस ट्रेनर बनने की तरफ अपने कदम बढ़ा रहे हैं। यह माना जा रही है कि आने वाले वक्त में फिटनेस ट्रेनिंग इंडस्ट्री में बड़ा उछाल देखने को मिल सकता है। केवल एक लीन बॉडी पाने की चाहत ने ही नहीं बल्कि हेल्थी लाइफस्टाइल की जरूरत ने भी इस क्षेत्र में इतनी वृद्धि की है। एक सर्टिफाइड फिटनेस ट्रेनर के लिए जॉब की अपार संभावनाएं मार्केट में मौजूद हैं। इतना बेहतर करियर लेकिन सवाल सिर्फ एक- 'कैसे बना जाए सर्टिफाइड फिटनेस ट्रेनर'। चलिए आज हम आपको विस्तार से बताते हैं कि एक फिटनेस ट्रेनर बनने के लिए आपके पास कौन- से गुण होने चाहिए और आप कैसे बन सकते हैं एक सर्टिफाइड फिटनेस ट्रेनर। फिटनेस ट्रेनर के रूप में करियर चुनते समय इन बातों का रखें ध्यान में।**

## डेवलप करें जरूरी स्किल्स




फिटनेस के क्षेत्र में करियर बनाना आसान नहीं है। यदि आप इस इंडस्ट्री में प्रवेश करना चाहते हैं, तो आपको फिटनेस फ्रीक बनना होगा और दूसरों को भी फिटनेस हासिल करने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध होना होगा। फिटनेस ट्रेनर व्यक्तियों को उपयुक्त फिटनेस प्रोग्राम का पालन करने के लिए मोटिवेट करते हैं ऐसे में खुद को फिट रखना बेहद जरूरी है। एक फिटनेस ट्रेनर के पास अलग-अलग तरह के लोगों से निपटने के लिए अच्छे कम्यूनिकेशन स्किल की जरूरत पड़ती है।

## सर्टिफिकेशन कोर्स में करें रजिस्टर

फिटनेस क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए किसी मान्यता प्राप्त ऑर्गनाइजेशन से सर्टिफाइड होना बेहद जरूरी है। कई संगठन लिखित और प्रैक्टिकल एग्जामिनेशन के साथ विभिन्न प्रकार के फिटनेस ट्रेनिंग कोर्स प्रदान करते हैं। इन सर्टिफिकेशन कोर्स की अवधि 2-3 महीने की हो सकती है जिसकी फीस 10,000-30,000 रुपये के बीच हो सकती है। ज्यादातर सर्टिफिकेशन 2-3 सालों में समाप्त हो जाते हैं और उन्हें रिन्यू करने की जरूरत होती है।

## स्पेशलिस्ट सर्टिफिकेशन जरूरी

आप फिटनेस ट्रेनिंग के क्षेत्र में भी अपनी स्पेशलाइज्ड फील्ड में सर्टिफिकेशन ले सकते हैं। यह बेहद जरूरी भी है। अगर आप वेट लिफ्टिंग आदि में रुचि रखते हैं तो उसमें भी सर्टिफिकेशन कोर्स किया जा सकता है।

## शुरू करें अपना फिटनेस बिजनेस

एक बेहतर फिटनेस बनने की चाह रखने वालों के लिए अपना बिजनेस शुरू करना बेहद लाभदायक हो सकता है।

## ऑन जॉब ट्रेनिंग

अगर आप एक सर्टिफाइड फिटनेस ट्रेनर बनना चाहते हैं तो आपको वर्क एक्सपीरियंस होना बेहद आवश्यक है। ज्यादातर फिटनेस ट्रेनर अपने अनुभव के कारण सफलता प्राप्त कर पाते हैं। प्रोफेशनल एक्सपीरियंस हासिल करने के लिए फ्रेशर्स फिटनेस ट्रेनर के अंडर असिस्टेंट का कार्य भी कर सकते हैं और काफी कुछ सीख सकते हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### सिनर ने अल्काराज को हराकर विंबलडन खिताब जीता

**लंदन।** इटली के शीर्ष रैंकिंग खिलाड़ी यानिक सिनर नये विम्बलडन टेनिस चैम्पियन बनकर उभरे हैं। सिनर ने रविवार को यहां पुरुष एकल के फाइनल में स्पेन के कार्लोस अल्काराज को 4-6, 6-4, 6-4, 6-4 से हराकर अपना चौथा ग्रैंडस्लैल खिताब जीता। सिनर का ये पहला विम्बलडन खिताब है। इस जीत के साथ ही सिनर ने अल्काराज के लगातार खिताब जीतने के सिलसिले को भी तोड़ दिया। अल्काराज ने सिनर के खिलाफ पिछले पांच मुकाबले जीते थे। इसमें फ्रेंच आपन की जीत भी शामिल है। सिनर ने इस बार फाइन में कोई गलती नहीं की। दोनों खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाया। अल्काराज सेंटर कोर्ट में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 24 मैच की जीत के साथ उतरे थे। उन्होंने ऑल इंग्लैंड क्लब में चौथे सेट में 4-3, 15-40 के स्कोर पर सर्विस करते हुए उन्हें दो ब्रेक अंक का सामना करना पड़ा।

### इंग्लैंड अंडर-19 टीम ने 239 रनों पर ही पांच विकेट खोये

**लंदन।** भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम ने कपतान आयुष म्हात्र के शतक से यहां मेजबान इंग्लैंड अंडर 19 टीम के खिलाफ पहले यूथ टेस्ट मैच में 540 रन बनाये हैं। जिसका पीछा करते हुए इंग्लैंड की अंडर-19 टीम रॉकी फ्लिंटॉफ के 93 रनों की सहायता से दिन का खेल समाप्त होने के समय तक 5 विकेट पर 239 रन ही बना पायी। मेजबान टीम अभी इस मैच में भारतीय जूनियर टीम ने 310 रन पीछे हैं। दिन का खेल समाप्त होने के समय थॉमस रेव तीन रन पर खेल रहे थे। एकनाथ सिंह ने खाता नहीं खोला था। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन के बेटे आर्ची वॉन और इंग्लैंड के पूर्व सलामी बल्लेबाज जो के भतीजे जेडन डेनली के शुरुआत में ही आउट होने के बाद रॉकी और कप्तान हमजा शेख ने 84 रन बनाये। इस जोड़ी ने उन्होंने तीसरे विकेट के लिए 154 रन बनाकर इंग्लैंड को दो विकेट पर 191 रन तक पहुंचाया।

### रूट पर अंपायर रीफेल के फैसले से गावस्कर नाराज, ट्रॉट भी हैरान हुए

**लंदन।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावसकर ने अंपयरिंग स्तर की आलोचना की है। बचे हैं। मैच में कमेंटरी कर रहे गावस्कर अंपायर पॉल रीफेल के जो रूट को नाट आउट देने पर भड़क गये। गावस्कर ही नहीं इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज जोनाथन ट्रॉट भी अंपायर के फैसले से हैरान नजर आये। जब ये हुआ तक रूट 36 रन बनाकर खेल रहे थे। मोहम्मद सिराज की एक गेंद टप्पा खाने के बाद सीधे उनके पैड से टकराई। गेंद लाइन में पिच हुई थी और पैड से नहीं टकराती तो सीधे लेग स्टंप उड़ जाता।

### धर्मशाला: कबड्डी विश्वकप खेल के अंतिम कोचिंग कैंप के लिए हुआ चयन

# खेल सकती हैं हिमाचल की 5 से 6 बेटियां

**धर्मशाला, निप्र।** कबड्डी विश्व कप के लिए भारतीय टीम के चयन के लिए अंतिम कोचिंग कैंप में हिमाचल की छह खिलाड़ियों का चयन हुआ है।

भारत में होने वाले कबड्डी विश्व कप के लिए भारतीय टीम के चयन के लिए अंतिम कोचिंग कैंप में हिमाचल की छह खिलाड़ियों का चयन हुआ है। उम्मीद जताई जा रही है कि इनमें से पांच से छह खिलाड़ियों को भारतीय टीम में जगह मिल सकती है। ये सभी खिलाड़ी फाइनल कोचिंग कैंप में भाग लेंगी और अपने खेल के दम पर टीम में जगह बनाने का प्रयास करेंगी। पहले विश्व कप जुलाई में होना प्रस्तावित था। इस बीच कुछ कारणों से अब इसे अगस्त में आयोजित किया जा रहा है।

यह प्रतियोगिता अब 3 से 10 अगस्त तक हैदराबाद में होगी। इससे पूर्व एशियन कबड्डी चैंपियनशिप में भी पांच खिलाड़ियों पुष्पा, ज्योति, भावना, साक्षी और रितु नेगी ने भारतीय टीम की ओर से स्वर्ण पदक जीता था। भारतीय खेल प्राधिकरण धर्मशाला की कबड्डी खिलाड़ी पूजा ठाकुर ने बताया कि महिला कबड्डी विश्व कप के लिए आयोजित अंतिम कोचिंग कैंप में प्रदेश की छह खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इनमें से चार खिलाड़ी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस धर्मशाला में प्रशिक्षण ले रही हैं।



भारतीय टीम के कोचिंग कैंप के लिए जिन हिमाचली खिलाड़ियों का चयन किया गया है उनमें पुष्पा राणा, ज्योति ठाकुर, रितु नेगी, चंपा, भावना और साक्षी शर्मा शामिल हैं। इनमें से चार खिलाड़ी पुष्पा राणा, ज्योति ठाकुर, चंपा और भावना धर्मशाला स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में प्रशिक्षण ले रही हैं। रितु नेगी रेलवे की ओर से खेलती हैं जबकि साक्षी शर्मा हिमाचल से खेलती हैं।

**ये जाएंगी कोचिंग कैंप में**

**पुष्पा**
**ज्योति**
**चंपा**
**साक्षी**
**रितु नेगी**
**भावना**

### सुंदर को भारतीय टीम के जीतने की उम्मीद

**लॉर्ड्स, एजेंसी।** ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर को उम्मीद है कि भारतीय क्रिकेट टीम तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच को जीतने में सफल रहेगी। तीसरे टेस्ट में भारतीय टीम ने 193 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 4 विकेट पर 58 रन बनाये हैं और उसे अंतिम दिन जीत के लिए 135 रन और बनाने हैं। वहीं मेजबान इंग्लैंड टीम को इस जीत को यादगार बनाने केवल छह विकेट चाहिये। नासिर हुसैन और कुमार संगकारा से बात करते हुए सुंदर ने कहा, निश्चित रूप से भारतीय टीम पहले ही सत्र में ये मैच जीतेगी। जब उनसे पूछा गया कि मैच कब तक समाप्त हो जाएगा तो, सुंदर ने कहा, शायद लंच के बाद। उन्होंने कहा हमने चौथे दिन एक विकेट के नुकसान पर रन बनाये होते तो अच्छा होता। हमने जिस प्रकार से गेंदबाज की और जिस प्रकार से दबाव बनाए रखा, वह अद्भुत था। दूसरी पारी में सुंदर ने 12.1 ओवर में 22 रन देकर चार विकेट लिए। उन्होंने लंच के बाद के सत्र में जो रूट को आउट कर अपना विकेट गंवाया और फिर जेमी स्मिथ को क्लीन बोल्ड किया।



फ्रांस में टूर डी फ्रांस साइकिल रेस के नौवे चरण में जीत के बाद टिम मेरलियर उत्साहित होकर जश्न मनाते हुए।

### मंडल के कॉलेजों को मिली खेल प्रतियोगिता कराने की मेजबानी

# अगस्त से होंगी प्रतियोगिताएं, होंगे 40 खेल

**अलीगढ़, एजेंसी।** विवि के कुलसचिव वीके सिंह ने बताया कि प्रतियोगिताएं अगस्त से शुरू हो रही हैं। अंतर महाविद्यालयीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी विश्वविद्यालय की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय (आरएमपीयू) से संबद्ध महाविद्यालयों में इस बार 40 खेलों का आयोजन होगा। मंडल के महाविद्यालयों को खेल प्रतियोगिता कराने की मेजबानी दी गई है। यूनिवर्सिटी परिसर में ताइक्कांडो, मल्लखंभ अंतर महाविद्यालयीय प्रतियगिताएं होंगी।

अमेरिकन फुटबॉल कराने की जिम्मेदारी केए कॉलेज कासगंज दी गई है। पीसी बागला कॉलेज हाथरस में आर्चरी, कराटे, एथलेटिक्स, बॉक्सिंग (पुरुष), श्री लठूरी सिंह कॉलेज एटा में बॉक्सिंग, एसएसएसएस कॉलेज इगलास में बेसबॉल, पावर लिफ्टिंग, केए कॉलेज कासगंज में वुशू, ग्रैपलिंग, रग्बी, बेस्ट फिजिक प्रतियोगिताएं होंगी। आरजे कॉलेज रायपुर अलीगढ़ में सर्किल स्टाइल कबड्डी, वीके जैन कासगंज में क्रॉस कंट्री रेस, तलवारबाजी, एसवी कॉलेज में क्वान कीडो शूटिंग, रस्साकशी, टेनिस सॉफ्टबॉल, चौ. जीवन सिंह कॉलेज टप्पल में कुश्ती प्रतियोगिताएं होंगी। विवेकानंद कॉलेज अलीगढ़ में भारोत्तोलन, योगा, एसके कॉलेज व टीआर कॉलेज में खो-खो, बॉस्केटबॉल, बैडमिंटन, डीएस कॉलेज में बास्केटबॉल, क्रिकेट, हॉकी, फुटबॉल, सरस्वती डिग्री कॉलेज हाथरस में शतरंज, जेएलएन कॉलेज एटा में हैंडबॉल प्रतियोगिताएं होंगी। खुशीराम कॉलेज खैर में खो-खो, गुलाब सिंह कॉलेज सादाबाद में टेबल टेनिस, आरडी कॉलेज हाथरस में अंतर महाविद्यालयीय टेबल टेनिस प्रतियोगिताएं होंगी। विवि के कुलसचिव वीके सिंह ने बताया कि प्रतियोगिताएं अगस्त से शुरू हो रही हैं। अंतर महाविद्यालयीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी विश्वविद्यालय की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह टीम अंतर विश्वविद्यालयीय खेल प्रतियोगिता में हिस्साा लेगी।




### गोल्फ में अदिति 28वें स्थान पर रहीं

# महिला शतरंज विश्व कप में दिव्या-हम्पी अंतिम-16 में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की जहां दो खिलाड़ियों ने अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की कर ली है वहीं तीन अन्य भारतीय खिलाड़ी डी हरिका, वंतिका अग्रवाल और आर वैशाली भी अंतिम-16 में जगह बना सकती हैं, लेकिन यह सब टाईब्रेकर में उनके प्रदर्शन पर निर्भर करेगा।

महिला ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख और ग्रैंडमास्टर बनने वाली देश की पहली महिला खिलाड़ी कोनेरू हम्पी ने जॉर्जिया के बातुमी में जारी विपरीत अंदाज में फिडे महिला विश्व कप शतरंज टूर्नामेंट के अंतिम-16 में जगह बनाई। दिव्या को अंतिम 16 में पहुंचने के लिए आधा अंक की जरूरत थी जो उन्होंने सर्बिया की टेओडोरा इंजाक के खिलाफ ड्रॉ खेल कर हासिल कर लिया लेकिन हम्पी को पोलैंड की कुलोन क्लॉडिया को हराने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। भारत की जहां दो खिलाड़ियों ने अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की कर ली है वहीं तीन अन्य भारतीय खिलाड़ी डी हरिका, वंतिका अग्रवाल और आर वैशाली भी अंतिम-16 में जगह बना सकती हैं, लेकिन यह सब टाईब्रेकर में उनके प्रदर्शन पर निर्भर करेगा।





ग्रैंडमास्टर हरिका ने यूनान की त्सोलाकिडोउ स्टावरौला के साथ लगातार ड्रॉ खेलकर खुद को प्री-क्वार्टर फाइनल की दौड़ में बनाए रखा, जबकि वंतिका रूस की कैटरीना लागनो पर पहले दौर की जीत के बाद दूसरे दौर में हार गई जिससे स्कोर बराबर हो गया। इस प्रतियोगिता में विजेता को 50,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि मिलेगी। इसके अलावा शीर्ष तीन में रहने वाली खिलाड़ी अगले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगी।

भारतीय गोल्फर अदिति अशोक अंतिम दौर में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई और दो ओवर 73 का स्कोर बनाकर फ्रांस के ऐक्स-लेस-बेन्स में खेले गए अमुंडी एवियन चैंपियनशिप में संयुक्त 28वें स्थान पर रहीं। अदिति का कुल स्कोर अंडर 279 रहा। वह शीर्ष 10 खिलाड़ियों में जगह नहीं बना सकी लेकिन इस प्रतियोगिता में उन्होंने अपना दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वह एक साल पहले इस प्रतियोगिता में संयुक्त 17वें स्थान पर रही थीं।

अदिति ने लगातार नौ पार के साथ शुरुआत की और फिर लगातार चार बोगी कीं, जिससे शीर्ष 10 में जगह बनाने की उनकी उम्मीदें धूमिल हो गईं।

## व्यापार समाचार

### अमेरिका ट्रेडिंग कंपनी ने एस्क्रो खाते में जमा किए 4,843.50 करोड़

**मुंबई।** अमेरिका की ट्रेडिंग कंपनी जेन स्ट्रीट ग्रुप ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पक्ष में एक एस्क्रो खाते में 4,843.50 करोड़ रुपए जमा किए हैं। इस राशि को जमा पूंजी बाजार नियामक के निर्देश पर किया गया है। सेबी का आरोप है कि शेयर बाजार में गलत प्रथाओं से जेन स्ट्रीट ग्रुप ने करोड़ों रुपए कमाए, जिसके चलते नियामक ने अमेरिकी कंपनी को भारतीय शेयर बाजार में प्रवेश पर बैन कर दिया था। इस महीने की शुरुआत में सेबी ने वॉल स्ट्रीट की इस कंपनी पर तब तक भारतीय शेयर बाजार में कारोबार करने पर बैन लगा दिया था। जब तक कि वह 4,843.5 करोड़ रुपए एस्क्रो खाते में जमा नहीं कर करती।

### चीन का निर्यात जून में 5.8 प्रतिशत बढ़ा

**बीजिंग।** चीन के निर्यात में जून महीने में तेज़ी दर्ज की गई, जिससे व्यापार क्षेत्र में सुधार के संकेत मिले हैं। सोमवार को जारी सीमा शुल्क आंकड़ों के अनुसार, चीन का निर्यात सालाना आधार पर 5.8 फीसदी बढ़ा, जबकि मई में यह वृद्धि 4.8 फीसदी थी। इसी दौरान आयात में भी 1.1 फीसदी की वृद्धि हुई, जो इस साल पहली बार दर्ज की गई है। हालांकि, अमेरिका को निर्यात में 16 फीसदी की गिरावट आई है, लेकिन यह मई की 34.5 फीसदी की गिरावट की तुलना में काफी कम है।

### भारतीय टीम वाशिंगटन में, अधिकारी बोले

# आज से शुरू होगी दोनों देशों के बीच टैरिफ पर बातचीत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और अमेरिका के बीच हालिया टैरिफ प्रकरण के बीच यह व्यापार वार्ता के लिए अधिकारियों की यह यात्रा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि दोनों पक्षों को कृषि और ऑटोमोबाइल जैसे क्षेत्रों में पूर्व की चर्चा में सामने आई समस्याओं का समाधान करना है। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।

भारतीय वाणिज्य मंत्रालय की एक टीम प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर एक और दौर की वार्ता के लिए वाशिंगटन पहुंच गई है। यह बातचीत सोमवार (आज देर शाम) से शुरू होगी। एक अधिकारी सोमवार को इसकी पुष्टि की। भारत के मुख्य वार्ताकार और वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल बुधवार को टीम में शामिल होंगे। दोनों देशों के बीच होने वाली यह चार दिवसीय वार्ता गुरुवार को समाप्त होगी। अधिकारी ने बताया कि प्रस्तावित बीटीए के लिए भारत के उप मुख्य वार्ताकार बीटीए के पहले चरण पर वार्ता के लिए वाशिंगटन पहुंच गए हैं।

भारत और अमेरिका के बीच हालिया टैरिफ प्रकरण के बीच यह व्यापार वार्ता के लिए अधिकारियों की यह यात्रा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि दोनों पक्षों को कृषि और ऑटोमोबाइल जैसे क्षेत्रों में पूर्व की चर्चा में सामने आई समस्याओं का समाधान करना है। इस बीच, अमेरिका ने भारत सहित कई देशों पर अतिरिक्त शुल्क लगाने को 1 अगस्त तक के लिए टाल दिया है।



पिछले हफ्ते एक अधिकारी ने कहा था कि हम द्विपक्षीय व्यापार समझौते के अंतरिम या पहले चरण में कोई अंतर नहीं कर रहे हैं। हम पूरे समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। जो भी समझौता हो जाएगा, उसे हम अंतरिम समझौते के तौर पर पेश कर सकते हैं और बाकी के लिए बातचीत जारी रहेगी। इस महीने की शुरुआत में भारतीय टीम वार्ता के लिए वाशिंगटन में थी, जहां 26 जून से 2 जुलाई तक वार्ता चली थी। टीम एक बार फिर वार्ता के लिए अमेरिका पहुंच गई है।

कृषि और डेयरी उत्पादों पर शुल्क में रियायत की अमेरिकी मांग पर भारत ने अपना रुख कड़ा कर लिया है। डेयरी क्षेत्र में मुक्त व्यापार समझौते में भारत ने अब तक अपने किसी भी व्यापारिक साझेदार को कोई शुल्क रियायत नहीं दी है। भारत इस अतिरिक्त शुल्क (26 प्रतिशत) को हटाने की मांग कर रहा है। वह स्टील और एल्युमीनियम (50 प्रतिशत) और ऑटो (25 प्रतिशत) क्षेत्रों पर शुल्क में ढील की भी मांग कर रहा है। इनके विरुद्ध, भारत ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के मानदंडों के तहत प्रतिशोधात्मक शुल्क लगाने का अपना अधिकार सुरक्षित रखा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2 अप्रैल को भारत सहित कई देशों पर भारी टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। हालांकि, इसे जल्द ही 90 दिनों के लिए 9 जुलाई और फिर 1 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

7 जुलाई से ट्रम्प प्रशासन ने बांग्लादेश, इंडोनेशिया, जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, थाईलैंड, दक्षिण अफ्रीका, बोस्निया और हर्जेगोविना, कंबोडिया, कजाकिस्तान, लाओस, सर्बिया और ट्यूनीशिया सहित अपने कई व्यापारिक साझेदारों को टैरिफ पत्र जारी किए हैं। अमेरिका कुछ औद्योगिक वस्तुओं, ऑटोमोबाइल, विशेषकर इलेक्ट्रिक वाहनों, वाइन, पेट्रोकेमिकल उत्पादों और कृषि वस्तुओं जैसे डेयरी उत्पाद, सेब, वृक्ष नट्स और आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों पर शुल्क में रियायत चाहता है।

### भारत को हरित ऊर्जा में मिली बड़ी सफलता

# समय से पहले हासिल किया 50% गैर-जीवाश्म ईंधन लक्ष्य

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सोमवार को कहा कि भारत ने कुल 484.8 गीगावाट स्थापित क्षमता में से 242.8 गीगावाट यानी गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित बिजली उत्पादन क्षमता हासिल कर लिया है। यह उपलब्धि भारत ने अपने निर्धारित लक्ष्य वर्ष 2030 से पूरे पांच साल पहले हासिल कर ली है। भारत ने अपनी कुल स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता का 50 प्रतिशत अब गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से प्राप्त कर लिया है। केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

484.8 गीगावाट में से 242.8 गीगावाट का लक्ष्य किया हासिल: उन्होंने बताया कि देश ने कुल 484.8 गीगावाट की स्थापित क्षमता में से 242.8 गीगावाट अब गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा स्रोतों से प्राप्त की है। यह उपलब्धि भारत ने अपने निर्धारित लक्ष्य वर्ष 2030 से पूरे पांच साल पहले हासिल कर ली है।

भारत का 2030 का लक्ष्य: देश में गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित विद्युत उत्पादन बढ़ाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत की प्रतिबद्धता को देखते हुए यह महत्वपूर्ण है। भारत ने 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा आधारित बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा है।

### जून में खुदरा मुद्रास्फीति छह साल के निचले स्तर 2.10 प्रतिशत पर पहुंची

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खुदरा मुद्रास्फीति जून में छह साल से अधिक के निचले स्तर 2.1 प्रतिशत पर आ गई। मुख्य कारण सब्जियों, दालों, मांस और दूध सहित खाद्य वस्तुओं की कीमतों में नरमी है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति मई में 2.82 प्रतिशत और जून 2024 में 5.08 प्रतिशत थी।



राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने एक बयान में कहा कि जून, 2024 की तुलना में जून, 2025 के लिए सीपीआई पर आधारित वर्ष-दर-वर्ष मुद्रास्फीति दर 2.1 प्रतिशत है। इसमें कहा गया है, मई 2025 की तुलना में जून 2025 की हेडलाइन मुद्रास्फीति में 72 आधार अंकों की गिरावट है। यह जनवरी 2019 के बाद साल-दर-साल सबसे कम मुद्रास्फीति है। इससे पहले जनवरी 2019 में 1.97 प्रतिशत की न्यूनतम दर दर्ज की गई थी।

एनएसओ ने कहा कि जून 2025 में हेडलाइन मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में उल्लेखनीय गिरावट मुख्य रूप से अनुकूल आधार प्रभाव और सब्जियों, दालों और उत्पादों, मांस और मछली, अनाज और अन्य उत्पादों, चीनी और मिष्ठान्न, दूध और उत्पादों और मसालों की कीमतों में नरमी के कारण कारण है।

**कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला चिकित्सालय रायसेन**
क्रमांक/निविदा/2025-26/8104 — रायसेन, दिनांक 10.07.2025

**द्वित्तीय ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

जिला चिकित्सालय रायसेन अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में आगामी 03 वर्ष हेतु निम्न मद मे द्वित्तीय ई-निविदाएं इच्छुक निविदाकारो से आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | ई-निविदा का विवरण |
|---|---|
| 1 | जिला चिकित्सालय रायसेन परिसर मे आउटसोर्सिंग के माध्यम से दो पहिया/तीन पहिया/चार पहिया वाहन पार्किंग की व्यवस्था हेतु। |

उपरोक्त ई-निविदा प्रपत्र म.प्र शासन के पोर्टल की बेबसाईट https://mptenders.gov.in पर उपलब्ध हैं। निविदा प्रपत्र तथा नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र मे अंकित है। निविदा प्रपत्र राशि रू0 1,000/- (रू0 एक हजार मात्र) का ई-भुगतान कर आनलाईन प्राप्त किया जा सकता है। यदि निविदा मे किसी प्रकार का संशोधन होता है तो म.प्र शासन के पोर्टल की बेबसाईट https://mptenders.gov.in अवलोकन किया जा सकता हैं। उक्त ई-निविदा की-डेट्स निम्नानुसार है।

E-Tender Key Dates

| Bid Particulars | Date & Time |
|---|---|
| Bid Publishing Date | 15-07-2025, 11:00 AM |
| Document Download/Sale Start Date | 15-07-2025, 03:00 PM |
| Bid Submission Start Date | 15-07-2025, 05:00 PM |
| Pre Bid Meeting Date | 22-07-2025, 04:00 PM |
| Bid Submission Closing Date | 29-07-2025, 06:00 PM |
| Technical Bid Opening Date | 31-07-2025, 11:00 AM |
| Finacial Bid Opening Date | As per committee decision |

G15575/25

सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक
जिला चिकित्सालय, रायसेन

**म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड**
(म.प्र.शासन का उपक्रम)
कार्यालय उप महाप्रबंधक (एस.टी.सी./एस.टी.एम.) संभाग रायसेन
पाटनदेव सागर रोड, रायसेन (म.प्र.)-464551, ई-मेल : raisenstc@gmail.com

**NOTICE INVITING E-TENDERS**

E-tender is invited from eligible electrical contractors who are registered under relevant category through "ANUBANDH" portal of MPMKVVCL, for the following electrical work.

| NIT No. & Date | Particulars | Approx. Value (Rs. Lakh) | Tender Doc. fees (In Rs.) | Bid Submission Start & End Date | Bid Opening Date |
|---|---|---|---|---|---|
| 627/01 Dated 14.07.2025 | P.S. To 1No. 3Kw DL "BSNL Tower" BTS Tower under 4G Saturation Project (Mission 500) Connection at Village Delawadi under Obaidullaganj Dc. under (O&M) Division Obaidullaganj. | 1.10 | 236/- | 14.07.2025 18:00 Hrs. up to 21.07.2025 12:30 Hrs. | 22.07.2025 at 13:00 Hrs. |

Other details, terms and conditions are available on company website: **https://portal.mpcz.in** & **https://mptenders.gov.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/121088/2025 — **DGM (STC/STM) RAISEN**

**म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड**
(म.प्र. शासन का उपक्रम)
कार्यालय उप महाप्रबंधक (एस.टी.सी./एस.टी.एम.) संभाग, बरेली/औबेदुल्लागंज
पाटनदेव, सागर रोड, रायसेन (म.प्र.)-464551, ई-मेल raisenstc@gmail.com
क्र./उ.म.प्र./एस.टी.सी./सं./2025-26/506 — रायसेन, दिनांक : 14.07.2025

**NOTICE INVITING E-TENDERS**

E-tender is invited from eligible electrical contractors who are registered relevant category through "ANUBANDH" portal of MPMKVVCL, for the following electrical work.

| NIT No. & Date | Particulars | Approx. Value (Rs. Lakh) | Tender Doc. Fees (In Rs.) | Bid Submission Start & End Date | Bid Opening Date |
|---|---|---|---|---|---|
| 500/01 Dated 14.07.2025 | Providing 27 Nos. House Holds Connection in village Khapariya Khapa under PM DA-Juga PVT Scheme under Goharganj D/c of O&M Division Obaidullganj | 1.87 | 236/- | 14.07.2025, 18:00 Hrs. up to 21.07.2025, 12:30 Hrs. | 22.07.2025 at 13:00 Hrs. |

Other details, terms and conditions are available on company **website : https://portal.mpcz.in & https://mptenders.gov.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/121081/2025 — **DGM (STC/STM)**

### सावन सोमवार, भोपाल के भोजपुर में भक्तों का लगा तांता

# सावन के पहले सोमवार पर शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**भोपाल, निप्र।** सावन के पहले सोमवार पर हर-हर महादेव के जयकारों से राजधानी भोपाल गुंज रही हैं। शहर के मंदिरों में पूजा अर्चना करने भक्त पहुंच रहे हैं। भोपाल से 30 किलोमीटर दूर भोजपुर मंदिर में भक्तों की सुबह से ही भीड़ देखी जा रही है। आज सावन के पहले सोमवार पर हर-हर महादेव के जयकारों से राजधानी भोपाल गुंज रही हैं। शहर के मंदिरों में पूजा अर्चना करने भक्त पहुंच रहे हैं। भोपाल से 30 किलोमीटर दूर भोजपुर मंदिर में भक्तों की सुबह से ही भीड़ देखी जा रही है। भोजपुर में विराजमान महादेव की एक अलग ही प्रसिद्धी है कहा जाता है पांडवों द्वारा इस मंदिर का निर्माण कराया गया था। वही मंदिर को लेकर एक कथा यह भी है कि एक ही रात्रि में इस मंदिर का निर्माण किया गया था।



दर्शन करने के लिए दूर-दूर से आते हैं भक्त: सावन के महीने में भोजपुर में भगवान महादेव के दर्शन करने के लिए दूर-दूर से भक्त आते हैं। काफी संख्या में भीड़ यहां भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने आती है तो वही आज सावन के पहले सोमवार को भोजपुर में काफी संख्या में भक्तों का आना-जाना रहा सुबह 4 बजे से ही भक्तों का भोजपुर आना-जाना शुरू हो गया तो वहीं बम-बम के नारों से भोजपुर का शिवालय गूंज उठा लोग बेलपत्र और शिव पूजा में लगने वाली अनेकों प्रकार की सामग्री लेकर भगवान भोलेनाथ को अर्पित करने भोजपुर पहुंच रहे हैं और भगवान भोलेनाथ से अपनी मनोकामना पूर्ण करने की अर्जी लगा रहे हैं।

सावन के सोमवार की पूजन विधि: प्रात: काल स्नान के बाद स्वच्छ वस्त्र धारण करें। घर पर ही शिवलिंग स्थापित कर सकते हैं, या नजदीकी शिव मंदिर जाएं। शिवलिंग का अभिषेक जल, दूध, दही, घी, शहद और गंगाजल से करें। शिवलिंग पर बेलपत्र, आक-धतूरा, सफेद फूल अर्पित करें। कम से कम 108 बार ऊं नम: शिवाय मंत्र का जाप करें। व्रतधारी दिनभर फलाहार कर सकते हैं और शाम को शिव आरती करें। सायंकाल भगवान के मंत्रों का फिर जाप करें, तथा उनकी आरती करें। अगले दिन पहले अन्न वस्त्र का दान करें तब जाकर व्रत का पारायण करें।

### सावन सोमवार पूजा का धार्मिक महत्व

भगवान शिव की पूजा खासतौर से सोमवार को की जाती है। मान्यता है कि वैवाहिक जीवन के लिए शिव जी की पूजा सोमवार को करने से परेशानियां दूर होती हैं। कुंवारी कन्याएं इस व्रत को विशेष श्रद्धा से करती हैं ताकि उन्हें मनचाहा वर प्राप्त हो। यह व्रत नकारात्मक ऊर्जा, रोग और दरिद्रता को दूर करने में सहायक माना जाता है इसके अलावा स्वास्थ्य, संतान और आर्थिक समस्याएं भी दूर होती हैं। सावन के सोमवार को शिव जी की पूजा सर्वोत्तम होती है. इसमें मुख्य रूप से शिव लिंग की पूजा होती है और उस पर जल तथा बेल पत्र अर्पित किया जाता है।

# पीएम आवास योजना की मदद से भगवत सिंह और उनके परिवार का पक्के मकान का सपना हुआ पूरा

**रायसेन, निप्र।** प्रधानमंत्री जनमन योजना विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। इसके तहत शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा-सीधा लाभ इन समुदाय के लोगों को मिल रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार और प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की स्वयं के पक्के मकान के सपने को पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर कार्य कर रही है। रायसेन जिले के सांची जनपद के ग्राम मुक्तापुर में हितग्राही भगवत सिंह और उनका परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत पक्का मकान बन जाने से बेहद खुश हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को धन्यवाद देते हुए हितग्राही श्री भगवत सिंह ने




बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ने उनके वर्षो पुराने सपने को साकार किया है। योजना के तहत आवास की स्वीकृति मिलते ही पंचायत स्तर पर दस्तावेजों की पूर्ति होने के साथ ही आवास निर्माण प्रारंभ किया गया। जिसमें पहली किश्त की राशि मिलते ही उनकी मकान निर्माण की उम्मीद पक्की होने लगी। मकान निर्माण आगे बढ़ने के साथ ही प्रगति के आधार पर किश्त की राशि मिलती गई और देखते ही देखते उनके सपनों का आशियाना पूरा होकर तैयार हो गया। हितग्राही ने बताया कि आवास निर्माण में कार्य करने पर मनरेगा के तहत उन्हें मजदूरी का भुगतान भी किया गया। हितग्राही श्री भगवत सिंह अपने पुराने दिनों की कठिनाई याद करते हुए बताते हैं कि आवास निर्माण से पहले उनका परिवार कच्ची झोपड़ीनुमा घर में निवास करता था। जहां जीवन व्यतीत करना बहुत कठिन था।

### बेगमगंज में बारिश से फसलें बर्बाद

# किसान रैली निकालकर तहसील कार्यालय पहुंचे, मुआवजा और सर्वे की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**रायसेन, निप्र।** रायसेन जिले के बेगमगंज क्षेत्र में पिछले एक माह से बारिश के चलते किसानों की सोयाबीन, मक्का और उड़द की फसलें सड़ गईं हैं। खेतों में जलभराव के कारण फसलें पूरी तरह नष्ट हो गईं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। इसी को लेकर सोमवार को किसानों ने विरोध प्रदर्शन कर तहसील कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

करीब 200 किसानों ने निकाला जुलूस: किसान संगठन के बैनर तले संगठन अध्यक्ष के नेतृत्व में करीब 200 किसान तहसील कार्यालय पहुंचे। प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन तहसीलदार प्रमोद कुमार उइके को सौंपा गया। ज्ञापन में पारदर्शिता से सर्वे कराकर उचित मुआवजा देने की मांग की गई।



फसल बीमा के साथ सर्वे कर मुआवजा की मांग: किसानों ने कहा कि उन्होंने महंगा खाद-बीज लेकर बोआई की थी, लेकिन अतिवृष्टि के कारण फसलें बर्बाद हो गई। ऐसे में सरकार को सर्वे कराकर मुआवजा देना चाहिए ताकि अगली फसल की तैयारी कर सकें।

प्रशासन ने दिया आश्वासन: तहसीलदार प्रमोद कुमार उइके ने बताया कि किसानों का ज्ञापन मुख्यमंत्री तक भेजा जाएगा। साथ ही कृषि विभाग को निर्देशित किया गया है कि किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ दिलाने के लिए पंजीयन कराएं।

### जीपीएफ खाता धारकों के लिए वर्ष 2024-25 के वार्षिक लेखा विवरण ऑनलाइन उपलब्ध होगी

**रायसेन, निप्र।** महालेखाकार कार्यालय (लेखा एवं हकदारी)-द्वितीय, मध्यप्रदेश, ग्वालियर द्वारा राज्य के शासकीय सेवकों के सामान्य भविष्य निधि खातों के वर्ष 2024-25 के वार्षिक लेखा विवरण को अब ऑनलाइन उपलब्ध है। अधिकारी एवं कर्मचारी अब अपना जीपीएफ स्टेटमेंट कार्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपनी सीरीज, खाता क्रमांक तथा पासवर्ड दर्ज कर सीधे डाउनलोड कर सकते हैं। यह व्यवस्था न केवल पारदर्शिता बढ़ाएगी, बल्कि समय की भी बचत करेगी। शिकायत निवारण भी अब ऑनलाइन: जीपीएफ विवरण में यदि किसी भी प्रकार की विसंगति या त्रुटि पाई जाती है, तो अभिदाता ऑनलाइन शिकायत निवारण प्रणाली के माध्यम से शिकायत दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए वेबसाइट पर जाकर पर क्लिक कर संबंधित जानकारी और दस्तावेज अपलोड किए जा सकते हैं।

# कलेक्टर विश्वकर्मा की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

**रायसेन, निप्र।** जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर विश्वकर्मा ने स्पॉन्सरशिप योजना, समेकित बाल संरक्षण योजना, पीएम केयर फॉर चिल्ड्रन योजना, मुख्यमंत्री कोविड 19 बाल सेवा योजना सहित विभाग की अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि विभिन्न बाल संरक्षण योजनाओं के तहत बालकों का संरक्षण पूरी संवेदनशीलता के साथ किया जाए।

बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा बाल श्रमिकों की ओर ध्यान आकृष्ट कराने पर कलेक्टर विश्वकर्मा ने अधिकारियों को बाल श्रम और भिक्षावृत्ति पर रोक लगाने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में जिला




पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर श्रीमती श्वेता पवार, समिति के सदस्य और अधिकारी उपस्थित रहे। महिला बाल विकास विभाग के जिला अधिकारी बृजेश कुमार जैन द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री कोविड 19 बाल सेवा योजना के तहत कोविड-19 महामारी के दौरान 01 मार्च 2021 से 31 जून 2021 की अवधि में जिन बच्चों के माता-पिता की मृत्यु हुई, उन बच्चों को पांच हजार रू प्रतिमाह तथा नि:शुल्क खाद्यान्न एवं शिक्षा दिए जाने का प्रावधान है। जिले में मुख्यमंत्री कोविड 19 बाल सेवा योजना के तहत 28 बच्चों को चिन्हांकित कर योजना का लाभ दिया गया है।

### घर जाने सड़क पर लिफ्ट मांगने खड़े थे, गाडरवारा में थे पदस्थ

# एसआई को वाहन ने टक्कर मारी, मौत

**रायसेन, निप्र।** रायसेन जिले में नेशनल हाईवे-45 पर रविवार-सोमवार की दरमियानी रात दर्दनाक हादसा हो गया। गाडरबारा में पदस्थ सब इंस्पेक्टर नीलेश बड़कुर (उम्र लगभग 35 वर्ष) की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। हादसा रायसेन जिले के बरेली क्षेत्र के ग्राम बटेरा के पास हुआ।

सब इंस्पेक्टर नीलेश बरेली के बटेरा गांव में अपने घर जाने के लिए लिफ्ट लेने खड़े थे। तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद उनकी मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही बरेली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए बरेली सिविल अस्पताल भिजवाया गया। जहां फिलहाल पोस्टमार्टम की प्रक्रिया जारी है।

### बाढ़ प्रबंधन कार्यो का जायजा

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को लंबित आवेदनो की समीक्षा दरम्यिान जिले में बाढ़ आपदा से त्वरित निपटान के लिए किए गए प्रबंधो की तहसीलवार समीक्षा की है। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय पर संचालित कंट्रोल रूम से जो जानकारियां सूचनाएं सम्प्रेषित की जाती है उन पर त्वरित अमल लाने के प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। कलेक्टर गुप्ता ने हरेक राजस्व अधिकारी से अनुविभागवार अतिवर्षा, बाढ़, जलभराव इत्यादि परिस्थितियों से निर्मित स्थिति का संवाद कर जानकारी प्राप्त की है। उन्होंने कहा है कि जिले के किसी भी ग्रामीण, शहरी क्षेत्र में वर्षारूपी जल का भराव ना हो, समय पर निस्तार हो के प्रबंध सुनिश्चित कराए जाएं। बाढ़, जल भराव से कहीं भी जन, पशुहानि ना हो वहीं क्षतिग्रस्त जीर्णशीर्ण भवनो को खाली रखा जाए यदि किसी अनुविभाग क्षेत्र में कोई घटना घटित होती है तो पीड़ित अथवा उनके परिजन को नियमानुसार अविलम्ब आर्थिक सहायता मुहैया कराए जाने के प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं।

### जिले की पंचायतों में जन सुरक्षा कैम्पेन का आयोजन सतत जारी

**विदिशा।** जन सुरक्षा योजनाओं का लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता के निर्देशन में विदिशा जिले की सभी 577 ग्राम पंचायतों में जन सुरक्षा कैंप अभियान अंतर्गत 1 जुलाई से 30 अक्टूबर 2025 तक जिले की समस्त बैंक शाखों द्वारा विशेष कैंप आयोजित किये जा रहे हैं, जिसके अंतर्गत हितग्राहियों को प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना री-केवाईसी, जनधन खाता, मुद्रा योजना इत्यादि का लाभ प्रदान किया जा रहा है योजनाओं के लाभ एवं बैंकिंग सेवाओं की जानकारी भी इन शिविरों के माध्यम से प्रदान की जा रही है।

# मजदूरों के बच्चों का स्वास्थ्य पर नजर रखें

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को लंबित आवेदनो की समीक्षा के दौरान निर्माण कार्यो को संपादित कराने वाले समस्त विभागो के जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि जो मजदूर कार्य कर रहे है और उनके बच्चे साथ में रहते है तो बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण पर भी विशेष ध्यान रखा जाए।

कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि ऐसे मजदूरो के बच्चों का नजदीक की आंगनबाडी केन्द्र में पहुंचाने के प्रबंध सुनिश्चित किए जाए। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के जिलाधिकारी को निर्देशित किया है कि जिन निर्माण कार्यो में मजदूरी की संख्या अधिक है उन क्षेत्रो में स्वंय भ्रमण कर मजदूरो के बच्चो को सुविधाएं मुहैया हो रही है कि नहीं का औचक निरीक्षण करें। कलेक्टर गुप्ता ने निर्देश दिए है कि निर्माण स्थलो पर कार्य करने वाले मजदूरो के बच्चों की प्रारंभिक देखभाल की निर्माण कार्यो को क्रियान्वित कराने वाले विभागो की भी संयुक्त रूप से होगी। उन्होंने कहा कि यह कार्य केवल ठेकेदार के भरोसे पर नहीं छोड़ा जाएगा। श्रम विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि निर्माण स्थलो पर बाल मजदूर ना हो सभी श्रमिको के कार्ड बने हो और उन्हें समय पर मजदूरी का भुगतान हो रहा कि नहीं का परीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

कलेक्टर गुप्ता ने ततसंबंध में सभी एसडीएम, तहसीलदारो को भी निर्देशित किया है कि निर्माण कार्यो की गुणवत्ता परीक्षण के दौरान मजदूरो के बच्चों को शासन की मंशा के अनुसार सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है कि नहीं की स्थितियों का भी जायजा लें। यदि कहीं कोई कमीवेश पाई जाती है तो संबंधित ठेकेदार से उसकी पूर्ति कराना सुनिश्चित करेंगें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि मजदूरो के साथ-साथ उनके बच्चो, गर्भवती माताओं के स्वास्थ्य का भी परीक्षण अनिवार्य रूप से निर्माण कार्य स्थल पर ही कराया जाना सुनिश्चित कर और उन्हें आवश्यक दवाईयां मौके पर प्रदाय कराएं। स्वास्थ्य संबंधी फालोअप लेने के भी निर्देश स्वास्थ्य और महिला बाल विकास के ग्राम स्तरीय अमले को भी दिए गए है।

### जिले में अब तक 568.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज बीते 24 घंटे में हुई 9.2 मिलीमीटर औसत वर्षा

**रायसेन।** जिले में 01 जून 2025 से 14 जुलाई 2025 तक 568.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है जो कि गत वर्ष इसी अवधि में हुई औसत वर्षा से 338.7 मिलीमीटर अधिक है। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1197.1 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून 2025 से 14 जुलाई 2025 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 369.2 मिलीमीटर, गैरतगंज में 542.2, बेगमगंज में 751.6, सिलवानी में 640, गौहरगंज में 341.4, बरेली में 558.4, उदयपुरा में 827, बाड़ी में 444, सुल्तानपुर में 479.6 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 731 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में 14 जुलाई 2025 को प्रात: 08 बजे तक 9.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 11 मिलीमीटर, गैरतगंज में 9.4, बेगमगंज में 8.9, सिलवानी में 16.4, गौहरगंज में 12.4, बरेली में 04, उदयपुरा में 16, बाड़ी में 7.5, सुल्तानपुर में 1.4 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 5.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# दुकानदार को दिखाई तलवार, सामान लेकर भागे 2 नाबालिग

**रायसेन, निप्र।** देवनगर थाना क्षेत्र में एक किराना दुकान से धमकाकर सामान लेने वाले दो नाबालिग आरोपियों को रविवार रात पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से लूटी गई मोटरसाइकिल, दो तलवारें और चांदी की चेन बरामद की गई है।

घटना 13 जुलाई की सुबह की है। नरवर निवासी ह्दियमोहन बघेल की किराना दुकान पर दो युवक काली पल्सर बाइक से आए। उन्होंने करीब 200 रुपए का सामान लिया। पैसे मांगने पर तलवार दिखाकर जान से मारने की धमकी दी और फरार हो गए।



पुलिस ने पटेल ढाबा के पास पकड़ा: पुलिस ने मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए नकतरा जोड़, किशनपुर जोड़ और पटेल ढाबा के पास चेकिंग की। पटेल ढाबा के पास दो संदिग्ध युवक पल्सर बाइक से आते दिखे। तलाशी में दोनों के पास से तलवारें मिलीं। पूछताछ में उन्होंने भोपाल से बाइक और चांदी की चेन लूटना स्वीकार किया।

दोनों आरोपी नाबालिग: पकड़ाए आरोपियों की उम्र 16 साल है। एक आरोपी जनता नगर, खतीजा मस्जिद के पास, करोंद का रहने वाला है। दूसरा विश्वकर्मा नगर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी का निवासी है। दोनों के खिलाफ पहले से भी कई अपराध दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

### कृषको का सम्पूर्ण विवरण संधारित कराने के निर्देश

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले के हरेक गांव के किसानो का सम्पूर्ण विवरण संधारित कराने के निर्देश कृषि, ग्रामीण विकास और उद्यानिकी विभाग के अमले को दिए है। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि गांव के प्रत्येक किसान का विवरण निर्धारित फार्मेट में दर्ज करने की कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे जिसमें भूमि का रकवा, बोई गई फसल, खाद, बीज कहा से प्राप्त किया गया है और समर्थन मूल्य पर विक्रय फसल का भुगतान में कहीं कोई दिक्कत तो नही आई है।

# उद्यान विभाग में जिला रिसोर्स पर्सन हेतु आवेदन 28 तक आमत्रित

**विदिशा, निप्र।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खादय प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना स्कीम अंतर्गत योजना के दिशा निर्देश अनुसार जिला स्तरीय कियान्वयन समिति का गठन किया जा चुका है। आत्म निर्भर भारत अभियान के दिशा-निर्देश अनुसार जिला एवं क्षेत्रीय स्तर पर सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने के इच्छुक लाभार्थियों को हँड होल्डिंग सहायता उपलब्ध कराने हेतु जिला रिसोर्स पर्सन (फेसिलेटर) के रुप मे चयन किया जाना है। जिला रिसोर्स पर्सन फेसिलेटर के रुप मे नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र 28 जुलाई तक आमंत्रित किए गए हैं। कार्य जिला रिसोर्स पर्सन के कार्यों के संबंध में उघानिकीय विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि रिसोर्स पर्सन, एकल उद्योगो एवं समूहो को डीपीआर तैयार करने बैंक से ऋष्ण लेने स्नस्स्ळ्ढ के खाद्य मानको, उद्योग आधार, जीएसटी आदि सहित आवश्यक पंजीकरण एवं लायसेंस प्राप्त करने मे सहायता जैसी हेल्ड होल्डिंग सेंवाये प्रदान करेगें। प्रत्येक लाभार्थी को उपलब्ध कराई गई सहायता के आधार पर रिसोर्स पर्सन को भुगतान बैंक से ऋष्ण स्वीकृति के आधार पर बीस हजार रुपए के मान से किया जायेगा। पचास प्रतिशत राशि का भुगतान ऋष्ण की स्वीकृति के पश्चात किया जायेगा ताकि शेष 50 प्रतिशत राशि का भुगतान उद्योग आधार पंजीकरण प्राप्त होने तथा स्नस्स्ळ्ढ मानको के अनुपालन परियोजना के इम्प्लीमेटेंशन तथा ट्रेनिंग प्रदान करने क पश्चात किया जायेगा। आवेदन की जमा करने की अंतिम तिथि 28 जुलाई है। आवेदन मय दस्तावेजो के कार्यालय सहायक संचालक उद्यान पुरानी कलेक्ट्रेट जिला विदिशा में जमा किए जाएंगे। ततसंबंध में अन्य जानकारी के लिए मोबाईल नंबर 9179158967 पर संपर्क किया जा सकता है।

### टीएल बैठक में कलेक्टर विश्वकर्मा ने की सीएम हेल्पलाईन और विभागीय गतिविधियों की समीक्षा

# योजनाओं को क्रियान्वयन कर हितग्राहियों तक पहुचाएं लाभ:कलेक्टर

**रायसेन, निप्र।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा सीएम हेल्पलाईन, विभागीय गतिविधियों और योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर विश्वकर्मा ने जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की जनकल्याणकारी और हितग्राहीमूलक योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए तथा प्रत्येक पात्र हितग्राही तक इन योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। उन्होंने सीएम हेल्पलाईन शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का समयावधि में संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित कराएं।

कलेक्टर विश्वकर्मा ने विभागवार सीएम हेल्पलाईन शिकायतों के निराकरण तथा प्रदेश स्तर पर ग्रेडिंग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि शिकायतों के प्राप्त होते ही निराकरण की कार्यवाही की जाए। उन्होंने महिला बाल विकास विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, ऊर्जा विभाग सहित अन्य विभागों में शिकायतों के निराकरण में बेहतर काम होने पर अधिकारियों की सराहना की। इसी प्रकार शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग, लोक निर्माण विभाग, उच्च शिक्षा विभाग की सीएम हेल्पलाईन शिकायतों की संख्या अधिक होने तथा निराकरण नहीं होने पर संबंधित जिला अधिकारियों को गंभीरतापूर्वक शिकायतों का निराकरण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर विश्वकर्मा ने निर्देश दिए कि शिकायर्ता से भी संवाद कर निराकरण की कार्यवाही से अवगत कराया जाए।




उन्होंने निर्देश दिए कि कोई भी शिकायत नॉन अटेन्डेन्ट ना रहे। महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर विश्वकर्मा ने निर्माणाधीन आंगनवाड़ी भवनों की जानकारी लेते हुए निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जनपद पंचायत सीईओ को भी निर्माणाधीन आंगनवाड़ी भवनों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए।

### सैम्पल लेकर जांच कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए

बैठक में कलेक्टर विश्वकर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की समीक्षा करते हुए स्वीकृत आवास, हितग्राहियों को किश्त वितरण और आवासों की निर्माण की स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि आवासों का कार्य शीघ्र पूर्ण कराएं। इसी प्रकार पीएम आवास योजना शहरी 2.0 के तहत प्राप्त आवेदनों को स्वीकृत करने और जियो टैगिंग कार्य की भी जानकारी लेते हुए कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने जिले में बोवनी की स्थिति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी सोसायटी में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध रहे। साथ ही निजी खाद विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करने और खाद के सैम्पल लेकर जांच कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

# विधायक ने मूंग उपार्जन केन्द्र का शुभांरभ किया

**विदिशा, निप्र।** समर्थन मूल्य पर मूंग उपार्जन कार्य जिले में नौ केन्द्रो पर क्रियान्वित किया जा रहा है। विदिशा विधायक मुकेश टण्डन ने विदिशा विकासखण्ड के ग्राम पठारी हवेली के उपार्जन केन्द्र का शुभांरभ किया। उपार्जन केन्द्र पर सबसे पहले खूबसिंह दांगी ने 13 क्विंटल 50 किलो और हल्की बाई ने 22 क्विंटल 50 किलो मूंग समर्थन मूल्य पर विक्रय हेतु तुलवाई की गई है।



विधायक मुकेश टण्डन ने मध्यप्रदेश वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन की पठारी हवेली गोदाम में पहुंचकर समर्थन मूल्य पर मूंग उपार्जन कार्य का विधिवत शुभांरभ करते हुए अपने समक्ष कृषक की मूंग को तुलवाया है। इससे पहले उन्होंने कृषक का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। गौरतलब हो कि समर्थन मूल्य 8682 रूपए प्रति क्विंटल की दर पर किसानो से क्रय की जा रही है। उपार्जन केन्द्र पर किसानो को मूंग फसल विक्रय में दिक्कत ना हो इसके लिए स्लाट बुकिंग के आधार पर उन्हें सूचनाएं सम्प्रेषित की जा रही है। उपार्जन केन्द्र पर बारिश के दौरान तुलाई व भण्डारण में कहीं कोई दिक्कत ना हो के प्रबंध सुनिश्चित किए गए है।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी डी.पी.गोयल द्वारा आर.टी.ओ. ऑफिस के पास, सागर रोड, रायसेन से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21-एच, इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा भोपाल- 462023 (म.प्र.) भोपाल से मुद्रित। संपादक- डी.पी.गोयल। मो.9981502276, 27054436, 9826735596.भोपाल कार्यालय : 4240007. स्थानीय व्यवस्थापक श्याम अग्रवाल मो. नं. 9826735596 (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल रहेगा।)।